

हिन्दी दैनिक

# मेरी ज़ुबान

Epaper : merijuban.com

मेरी जुबान आपकी अवाज़



page 3 बारिश ने शहर के इलाको में हुआ जलभराव

page 5 डायबिटीज रोगी ध्यान दें, इस मौसम में बढ़ सकती हैं आपकी दिक्कतें

page 6 पुजारा-सूर्या की टीम इंडिया में वापसी पर नजर



वर्ष :01 अंक : 35 लखीमरु खीरी, गुरूवार 06 जुलाई 2023 पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया- ऑफर मूल्य 3.00 रूपया


### भिक्षावृत्ति से मुक्त 102 बच्चों को सीएम ने दिया प्रमाण

## बच्चों में जज्बा है, लेकिन गिरोह विकलांग बनाकर कर भिक्षा मंगवाते हैं:सीएम



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं, इसके तहत आज लखनऊ में 102 बच्चों को चिन्हित करके उन्हें भिक्षावृत्ति के काम से मुक्त कराया गया। इन्हें सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। उसी के तहत सीएम योगी ने आज बच्चों को भिक्षावृत्ति मुक्त प्रमाण पत्र के साथ ही शैक्षिक किट भी प्रदान किया। सीएम योगी ने कहा कि आज 102 बच्चों को बाल सेवा योजना के साथ जोड़ा जा रहा है। जिला प्रशासन उम्मीद संस्थान को इसके लिए धन्यवाद। भिक्षा प्राचीन काल के भारत में काम की परंपरा थी। लेकिन, अब यह व्यवसाय के साथ जुड़ा तो खतरनाक हो गया। बच्चों को सुनहरे भविष्य के लिए योजनाओं के तहत आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्हें गिरोह विकलांग बनाकर कर भिक्षा मंगवाते हैं। बच्चों के मन में उत्साह और तमन्ना है, जज्बा है... उसको प्लेटफॉर्म देने का काम प्रशासन और संस्थाएं कर रही हैं। सीएम योगी ने कहा, 2017 से प्रदेश में 1 करोड़ 91 लाख बच्चों को योजना का लाभ दिया गया। बेसिक शिक्षा परिषद के बच्चों को पढ़ाई का समान दिया जा रहा है। कोरोना की चपेट में आने के कारण जिन बच्चों के अभिभावकों की जान गई उनका सर्वे कराया। जो स्कूल नहीं जा पा रहे थे, उन्हें मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत स्कूल भेजा गया। सामान्य बच्चों की तरह जीवन देने के लिए राज्य सरकार द्वारा लाई गई इस योजना के तहत सरकार ऐसे बच्चों को उनके बेहतर भविष्य के लिए शिक्षित करेगी। वहीं सरकार द्वारा ढाई हजार रुपए प्रतिमाह भी दिया जाएगा। जिससे कि बच्चों को दोबारा भिक्षावृत्ति की ओर जाने से रोका जा सके। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ उन बच्चों को दिया जाता है जिनके माता-पिता तलाकशुदा हैं। माता-पिता या परिवार के मुखिया जेल में हैं। बाल श्रम भिक्षावृत्ति वेश्यावृत्ति से मुक्त कराए गए बच्चों को भी इस योजना का लाभ सरकार द्वारा दिया जाता है। इसके तहत आने वाले इन सभी बच्चों को 18 साल की उम्र तक सरकार द्वारा आर्थिक सहायता भी दी जाती है।

## बिजली गिरने से छह की मौत, एक झुलसा



**आजमगढ़।** जिले के तीन थाना क्षेत्रों में मंगलवार की शाम पौने सात बजे बिजली गिरने से महिला समेत छह लोगों की मौत हो गई। जबकि एक युवक झुलस गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, सूचना पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये देने की घोषणा की है। मेंहनगर थाना क्षेत्र के बरवा सागर महमूदपुर नियामतपुर गांव निवासी शशिकला 42 पत्नी झगरू, अनुराग यादव 14, अमन 12, शैलेश 14 और अमित 12 गांव के सीवान में मवेशी चरा रहे थे। इसी दौरान तेज बरसात शुरू हो गई। बचने के लिए सभी पास स्थित एक ट्यूबवेल के टिनशेड में खड़े हो गए। इसी दौरान बिजली गिरी। जिसकी चपेट में आकर सभी झुलस गए। ग्रामीण मौके पर जुट गए और सभी को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने शशिकला, अमन, अनुराग व शैलेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं अमित का इलाज चल रहा है। घटना से गांव में कोहराम मच गया। सूचना पर मेंहनगर थाना पुलिस व तहसीलदार भी मौके पर पहुंच गए। लालगंज : देवगांव कोतवाली के कोटाखुर्द गांव निवासी सुनील राम 50 शाम चार बजे हो रही बरसात के दौरान घर के पीछे जमा पानी को निकाल रहा था। इसी दौरान बिजली गिरी और वह अचेत होकर गिर पड़ा। परिजन उसे सीएचसी टीकरगाढ़ लालगंज ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह चार पुत्री व दो पुत्रों का पिता था। लाटघाट : रौनापार थाना क्षेत्र के हैदरबाद गांव में मवेशी चरा रहे हैदराबाद गांव निवासी सूर्यनाथ यादव 58 की बिजली गिरने से मौत हो गई। साथ ही उसकी गाय भी मर गई। एडीएम वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह ने बताया कि जिले में बिजली गिरने से छह लोगों की मौत हो हुई है। मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये रुपये दिए जाएंगे।

## राजौरी में गहरे गड्ढे में गिरी कार, चार लोगों की मौत

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में बुधवार सुबह एक कार सड़क से फिसलकर एक गहरे गड्ढे में जा गिरी जिससे चार लोगों की मौत हो गयी और आठ अन्य को गंभीर चोटें आयी हैं। अधिकारियों ने




बताया कि यह दुर्घटना थानामंडी उपमंडल में हुई जब कार पुंछ से भांगई गांव लौट रही थी। कार सवार लोग पुंछ में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। उन्होंने बताया कि चालक अपने गंतव्य से महज कुछ मीटर दूर ही थानामंडी भांगई रोड पर वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, हादसे के समय गाड़ी में कुल 12 लोग सवार थे। स्थानीय लोगों और पुलिस ने सभी को बाहर निकाला और थानामंडी के उप-जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनमें से चार को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों की पहचान शमीम अख्तर (55), रुबिना कौसर (35), जरीना बेगम और मोहम्मद युनूस (38) के रूप में की गयी है। सभी भांगई के रहने वाले थे। थानामंडी के उप-मंडलीय पुलिस अधिकारी इम्तियाज अहमद ने बताया कि घायलों को राजौरी के जीएमसी एसोसिएटेड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज किया गया है।

## भीड़ ने झड़प के बाद आईआरबी कर्मी के मकान में आग लगाई

- **अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की और पहले आंसू गैस के गोलों एवं रबड़ की गोलियों का इस्तेमाल किया, लेकिन हथियारबंद भीड़ ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद जवाबी कार्रवाई की गई।**

इंफाल। मणिपुर के थौबल जिले में नाराज भीड़ ने भारतीय आरक्षित वाहिनी (आईआरबी) के एक कर्मी के मकान में आग लगा दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह घटना मंगलवार रात को सामाराम में हुई। इससे पहले 700-800 लोगों की भीड़ ने चार किलोमीटर दूर वांगबल में आईआरबी



के शिविर से हथियार लूटने की कोशिश की थी, जिसके परिणामस्वरूप सुरक्षा बलों के साथ हुई झड़प में 27 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। मृतक की पहचान रोनाल्डो के रूप में की गई है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की और पहले आंसू गैस के गोलों एवं रबड़ की गोलियों का इस्तेमाल किया, लेकिन हथियारबंद भीड़ ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद जवाबी कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि भीड़ ने शिविर तक आने वाली सड़कों को भी कई स्थानों पर बाधित कर दिया था, ताकि अतिरिक्त बलों को पहुंचने से रोका जा सके, लेकिन बल शिविर तक पहुंच गए। अधिकारियों ने बताया कि भीड़ ने शिविर आ रहे असम राइफल्स के एक दल पर भी हमला किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने असम राइफल्स के कर्मियों पर गोलीबारी की और उनके वाहन को आग लगा दी, जिसमें एक जवान घायल हो गया। उन्होंने बताया कि जवान के पैर में गोली लगी है। अधिकारियों ने बताया कि झड़पों में रोनाल्डो नाम के व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि उसे पहले थौबल जिला अस्पताल ले जाया गया और बाद में उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे इंफाल स्थित अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन इंफाल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

## राइफल की सफाई करते वक्त वन विभाग के ड्राइवर के पैर में लगी गोली

**गोला संवाददाता**

**गोला-खीरी।** गोला गोकर्णनाथ वन रेंज गोला में राइफल की सफाई करते समय अचानक गोली चल गई। गोली पिंटू यादव के पैर में लग गयी। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पिंटू की हालत गंभीर होने के चलते लखीमपुर डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। वन क्षेत्राधिकारी संजीव तिवारी ने बताया कि बुधवार को पिंटू यादव राइफल की सफाई कर रहे थे तभी अचानक गोली चल गई। गोली पिंटू यादव के पैर में लगी है। आनन-फानन में समस्त स्टाफ ने पिंटू यादव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए ले गए। जहां से उन्हें डॉक्टरों ने लखीमपुर के लिए रेफर कर दिया लेकिन लखीमपुर के डॉक्टरों ने भी हालत गंभीर होने के चलते पिंटू को लखनऊ रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिंटू यादव वन विभाग की गाड़ी चलता था।

## आप सरकार का प्रयास, पंजाब में अब 10वां टोल प्लाजा बंद

**सिंघावाला (मोगा)।** पंजाब के लोगों को बड़ी राहत देते हुए राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मोगा-कोटकपूरा मार्ग पर चंदपुराना गांव के निकट बुधवार को सिंघावाला टोल प्लाजा बंद कराया। राज्य आम आदमी पार्टी (आप) सरकार अब तक राज्य में 10 टोल प्लाजा बंद करा चुकी है जिससे आम लोगों को हर रोज 44.43 लाख रुपए की बचत हो रही है।

## निराश्रित महिला को शरण देना पड़ा भारी, बोलेरो बेचकर हड़प लिया सारा पैसा

### बुजुर्ग महिला की पिटाई कर चेक और सादे कागज पर हस्ताक्षर कराकर हुई फरार

**मेरी जुबान ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** शहर की एक बुजुर्ग महिला को निराश्रित महिला को अपने घर में षरण देना भारी पड़ गया। निराश्रित समझकर जिस महिला पर बुजुर्ग महिला ने विश्वास किया था, उसने बोलेरो बेचकर सारा पैसा हड़प लिया। इसके बाद बुजुर्ग महिला की संपत्ति हड़पने के इरादे से आरोपी महिला ने बुजुर्ग की पिटाई करके जबरन चेक और सादे कागज पर हस्ताक्षर करा लिए और फिर बुजुर्ग को अस्पताल में भर्ती कराकर फरार हो गई। इस मोहल्ला सिकटिहा निवासी संध्या श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी 82 वर्षीय बुआ पुष्पा श्रीवास्तव निवासी फत्तेपुर सैंधरी की कोई संतान नहीं है, जिससे वह सामाजिक कार्यों में ज्यादा सक्रिय रहती हैं। उनकी बुआ पुश्पा ने करीब छह माह पूर्व एक निराश्रित महिला कीर्ति उर्फ संजू पुत्री रामरतन निवासी दुर्बल आश्रम निर्मलनगर को आश्रय दिया था। संध्या के मुताबिक उन्हें 27 जून 2023 जानकारी मिली कि उनकी बुआ जिला अस्पताल में भर्ती हैं, जहां पहुंचकर बुआ से मिलने पर घटनाक्रम की जानकारी मिली। पीड़िता ने बताया कि कीर्ति उर्फ संजू ने विश्वास के संबंधों का अनुचित फायदा उठाते हुए दो माह पूर्व बोलेरो गाड़ी बेचकर सारा पैसा हड़प लिया। इसके बाद पीड़िता से जबरन चेक पर हस्ताक्षर कराकर पूर्व में 2.50 लाख रुपए भी हड़प लिए थे। आरोप है कि कीर्ति ने 24 जून 2023 को पीड़िता की सारी संपत्ति हड़पने के उद्देश्य से सादे कागजों व सादी चेकों पर हस्ताक्षर करवा लिए और जान से मारने की नियत से डंडे से पिटाई करके मरणासन्न कर दिया। इसके बाद किसी को उस पर शक न हो, तो इसके लिए उसने पीड़िता को जिला अस्पताल में भर्ती करवाकर फरार हो गई। प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी कीर्ति उर्फ संजू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी की तलाश में पुलिस टीम लगी है।

## उच्चतम न्यायालय ने औद्योगिक न्यायाधिकरणों में रिक्तियों के आरोप पर केंद्र से मांगा जवाब

- **एलएलए की ओर से पेश वकील ने कहा कि एक न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारियों में से एक का पद बुधवार को खाली होने वाला है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय को नोटिस जारी करते हुए पीठ ने कहा, आप हमारे पास इतने विलंब से क्यों आए हैं।**



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार औद्योगिक न्यायाधिकरण सह श्रम अदालतों (सीजीआईटी-कम-एलसी) में खाली पड़े पदों को भरने के लिए निर्देश देने का अनुरोध कर रही एक जनहित याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने श्रम कानून संघ (एलएलए) की अपील पर संज्ञान लिया है। अपील में कहा गया है कि 22 न्यायाधिकरणों में से नौ में पीठासीन अधिकारियों के पद खाली पड़े हैं और वर्ष 2023 में तीन और न्यायाधिकरणों में पद खाली होने की संभावना है। एलएलए की ओर से पेश वकील ने कहा कि एक न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारियों में से एक का पद बुधवार को खाली होने वाला है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय को नोटिस जारी करते हुए पीठ ने कहा, आप हमारे पास इतने विलंब से क्यों आए हैं। अधिकारी पांच जुलाई को सेवानिवृत हो रहे हैं। याचिका को सोमवार के लिए सूचीबद्ध करें। अतिरिक्त सॉलीसिटर जनरल (एएसजी) बलबीर सिंह को याचिका की प्रति भेजें। हम किसी न्यायाधीश का कार्यकाल बढ़ाने का एकतरफा आदेश पारित नहीं कर सकते। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि प्रशासनिक दृष्टि से, न्यायाधिकरणों में पदों को भरने की प्रक्रिया की निगरानी के लिए उन्होंने शायद उच्चतम न्यायालय के एक न्यायाधीश को नामित किया है। देश में 22 केंद्र सरकार औद्योगिक न्यायाधिकरण सह श्रम अदालतें (सीजीआईटी-कम-एलसी) हैं और इन्हें केंद्रीय क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले औद्योगिक विवादों के निपटारे के लिए वर्ष 1947 के औद्योगिक विवाद अधिनियम के प्रावधानों के तहत स्थापित किया गया था।

## सप्ताह बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली, नहीं लगा मोहित के हत्यारों का सुराग

- **नशे का हब बन चुकी पलिया, मैरिज लानो में पूरी रात बजता है डीजे**
- **मेडिकेटेड नशा बना पलिया की पहचान, तगड़ी गश्ती और सायरन के बावजूद अपराधों पर अंकुश नहीं**


**मेरी जुबान - संवाद्दाता**

**पलियाकलां-खीरी।** स्मार्ट पुलिसिंग का दावा करने वाली खीरी पुलिस एक सप्ताह बाद भी पलिया में शादी समारोह से लौट रहे मारे गए मोहित गुप्ता की हत्या का सुराग नहीं जुटा पाई। दर्जनों सीसीटीवी कैमरे विवाह समारोह की फिल्म और फुटेज देखने के बाद भी मोहित हत्याकांड के मामले में पुलिस के हाथ खाली है। उधर शक के आधार पर करीब आधा दर्जन से अधिक मृतक के मित्रों सहित अन्य को थाने में बिठाये रखा गया है। बीते सप्ताह 28/29 जून की रात को एक मैरिज लान के पड़ोस में नाले के बराबर मोहित गुप्ता का रक्तरंजित शब मिला था। मोहित गुप्ता अपने मित्र की शादी में शामिल हुआ था उसी रात शादी समारोह संपन्न होने के बाद वापस लौटते समय अज्ञात हमलावरों ने मैरिज हाल से कुछ दूरी पर मोहित गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी थी। प्रथम दृष्टया यह पता लगाना संभव नहीं था कि मोहित गुप्ता की हत्या कैसे हुई, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मोहित गुप्ता के शरीर के एक हिस्से में गोली धंसी पाई गई थी। जानकारों ने बताया कि मोहित गुप्ता एक शराब की दुकान में कैंटीन चलाता था शराब का शौकीन भी था। 29 जून से आज तक पुलिस एक दर्जन से अधिक पास पड़ोस सहित शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल चुकी है। वही शादी समारोह में हुई वीडियोग्राफी की सारी फुटेज तथा डीजे पर डांस आदि की फोटो व वीडियो पुलिस के पास मौजूद है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीसीटीवी कैमरे लगाने के नाम पर व्यापारियों को प्रताड़ित करने वाली पुलिस की मुख्य पुलिस चौकी पलिया के भी सीसीटीवी कैमरे बंद है। दूसरी तरफ 2 दर्जन से अधिक पुलिस के सुरक्षाकर्मी रात्रि गशत पर तैनात रहते हैं। इसके बावजूद भी मैरिज लान के बराबर में चोपड़ा रहा और गस्त करते सुरक्षाकमीर्यों को कानों कान भनक तक नहीं लगती है। सुबह सफाई कर्मी पुलिस को सूचित कर लाश पड़ी होने का दावा करते हैं। वहीं दूसरी तरफ शहर में ताबड़तोड़ चोरियां होती है। नशे का कारोबार होता है। पुलिस को भनक नहीं लगती है। यह सब देख लोग यही कह रहें है कि मानो खीरी की स्मार्ट पुलिसिंग व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त और चौपट होती जा रही है। क्षेत्र में दिन-ब-दिन अपराध बढ़ते जा रहे हैं और पुलिस केवल इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम कॉल रिकॉर्डिंग और सीसीटीवी कैमरे की फोटो को देखकर अपनी टोपी हिला रही है और हत्यारों की पकड़ से कोसों दूर हैं। एक बार लगता था कि मोबाइल बरामद कर पुलिस हत्यारों तक पहुंच चुकी है और हत्यारों का सुराग लग जाएगा। लेकिन पलिया पुलिस का वह भी फंडा धरा का धरा रह गया। इधर शहर के कई लोगों को शक के आधार पर पुलिस ने उठाया लेकिन हत्या के राज नहीं खोल सकी। अब देखना है मोबाइल का डिटेल आज की लोकेशन लेने के बाद भी पुलिस कितनी जल्दी हत्यारों को पकड़कर जेल भेजेगी। इधर सामाजिक संगठन तथा शहर के गणमान्य व्यक्ति भी मोहित हत्याकांड का खुलासा को लेकर शहर में कैंडल मार्च निकाल चुके हैं फिर भी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची।

### खड़गे ने महंगाई को लेकर सरकार पर साधा निशाना

## देश के लोग बीजेपी का सत्ता से सफाया कर देंगे :खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सब्जियों एवं कुछ अन्य खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि देश के लोग भारतीय जनता पार्टी का सत्ता से सफाया कर देंगे। खरगे ने ट्वीट किया, मोदी सरकार की लूट से महंगाई और बेरोजगारी दोनों लगातार बढ़ रही है, पर भाजपा सत्ता के लालच में लीन है। सब्ज़ियों के दाम आसमान छू रहे हैं। देश में कुल बेरोजगारी दर 8.45 प्रतिशत हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी



दर 8.73 प्रतिशत है। खरगे ने दावा किया कि गांवों में मनरेगा के तहत काम की मांग चरम पर है, पर काम नहीं है। उनका कहना है, ग्रामीण वेतन दर घटा है। नरेन्द्र मोदी जी, देश की जनता जानती है कि चुनाव के पहले आप किसी अच्छे दिन, अमृत काल जैसे नारों पर काम कर रहे हैं ताकि विज्ञापनों की लीपापोती से आपकी नाकामी छिप जाए। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया , इस बार ऐसा नहीं होगा, जनता जागरूक हो चुकी है और आपके ये खोखले नारों का जवाब भाजपा के खिलाफ वोट देकर करेगी। माफ तो क्या जनता भाजपा को सत्ता से साफ कर देगी।

# कांवड़ यात्रा को सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक प्लान और रूट डायवर्जन लागू

## डायवर्जन प्लान शनिवार की रात 11 बजे से सोमवार की रात 11 बजे तक रहेगा लागू




**मेरी जुबान ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** सावन माह में छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ के शिव मंदिर तक कांवड़ यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस प्रषासन ने ट्रैफिक प्लान व रूट डायवर्जन लागू कर दिया है। इसमें डायवर्जन प्लान को शनिवार की रात 11 बजे से सोमवार की रात 11 बजे तक लागू किया जाएगा। वहीं गोला नगर में जाने वाले वाहनों को बाहर ही खड़ा कराने के लिए पांच पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि गोला गोकर्णनाथ में ट्रैफिक डायवर्जन प्लान चार जुलाई से 29 अगस्त 2023 लागू रहेगा। लखीमपुर की ओर से शाहजहांपुर-खुटार की ओर जाने वाले वाहन रिलायंस पेट्रोल पंप से मोहम्मदी बाईपास होते हुए अपने गंतव्य तक जाएंगे। शाहजहांपुर-मोहम्मदी की ओर से आने वाले वाहन मोहम्मदी बाईपास चौराहा से लखीमपुर की ओर वायां रिलायंस पेट्रोल पंप व मोहम्मदी बाईपास चौराहा से खुटार की ओर जाएंगे। खुटार से लखीमपुर व मोहम्मदी की ओर आने वाले वाहन मोहम्मदी बाईपास चौराहा-रिलायंस पेट्रोल पंप बाईपास से लखीमपुर की ओर जाएंगे। अलीगंज से गोला की ओर आने वाले वाहन नवीन मंडी एफसीआई गोदाम तिराहा से भूतनाथ रोड होते हुए लखीमपुर की ओर जाएंगे। बहराइच से पीलीभीत जाने वाले वाहन बहराइच से सिसैया, धौरहरा, ढकेरवा, निघासन, पलिया होते हुए मैलानी व संपूर्णानगर होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे। बरेली-पीलीभीत से बहराइच जाने वाले वाहन खुटार से डायवर्जन कर मैलानी, पलिया, निघासन, ढकेरवा होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।

### इन स्थानों पर वाहनों के लिए बनाई गई पार्किंग

गोला नगर में वाहनों का प्रवेश रोकने के लिए नगर से बाहर ही पार्किंग स्थलों का चयन किया गया है। लखीमपुर की ओर से आने वाले वाहन पशु बाजार रिलायंस पंप के पास खड़े किए जाएंगे। अलीगंज की ओर से आने वाले वाहन मंडी समिति के अंदर खड़े किए जाएंगे। रोडवेज पार्किंग मिल यार्ड के अंदर बनाई गई है। खुटार की ओर से आने वाले वाहन बाईपास मार्ग पर खड़े किए जाएंगे। मोहम्मदी मार्ग की ओर से आने वाले वाहनों के लिए कंजा के पास पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

### गोला नगर व आसपास के मार्गों पर भारी वाहन नहीं कर सकेंगे प्रवेश

सावन में कांवड़ यात्रा को लेकर गोला नगर व आसपास के मार्गों पर भारी वाहन, ट्रक कामर्शियल वाहन 29 अगस्त 2023 तक प्रवेश नहीं कर सकेंगे, क्योंकि पुलिस प्रशासन ने इन मार्गों को भारी वाहलों के लिए प्रतिबंधित किया है। अलीगंज से गोला की ओर आने वाले भारी वाहन अलीगंज से सीधा लखीमपुर जाएंगे। अस्थाई रोडवेज बस अड्डा को मोहम्मदी बाईपास चौराहे पर बनाया गया है। कांवड़ यात्रा के दौरान गोला में उमड़ने के मद्देनजर गोला नगर के अंदर ई-रिक्षा चलाने पर 29 अगस्त तक प्रतिबंध लगाया गया है। धौरहरा, सिसैया, खमरिया, खीरी, ओयल, बेहजम की ओर से आने वाले कांवड़ श्रद्धालुओं के समूह नगर के अंदर प्रवेष न कर सीधे हाइवे से गोला की ओर प्रस्थान करेंगे। निघासन, पलिया, भीरा, ढकेरवा व महेवागंज की ओर से कांवड़ श्रद्धालुओं के समूह नगर के अंदर प्रवेश न कर सीधे सैंधरी बाईपास होते हुए गोला की ओर जाएंगे। ओवरस्पीड को रोकने के लिए नियत स्थानों पर जिग जैग बैरियर लगाए जाएंगे। कांवड़ यात्रा के रूट पर किसी भी प्रकार के भंडारे का आयोजन रोड के बाईं ओर ही किया जाएगा।

# बकाया गन्ना भुगतान को लेकर एसडीएम को ज्ञापन

- मांगे पूरी न होने पर रकिशसं करेगा सत्याग्रह
- घरथनिया अजान मार्ग का मानकों के अनुसार हो निर्माण



**मेरी जुबान - संवाद्दाता**

**गोला-खीरी।** बकाया गन्ना भुगतान और घरथनिया अजान मार्ग निर्माण मानक के अनुसार कराए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने बुधवार को डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम गोला रत्नाकर मिश्र को सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों ने मांगे न पूरी होने पर 20 जुलाई से सत्याग्रह करने की चेतावनी भी दी है। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि जिले की बजाज ग्रुप की तीनों चीनी मिलों के अधिकारी किसानों का गन्ना बकाया भुगतान न कर फूट डालो और राज करो का खेल, खेल रहे हैं। गन्ना पेराई सत्र समाप्त हुए लगभग तीन माह बीत चुके हैं लेकिन चीनी मिल गोला ने कुल धनराशि 50352.11 लाख रुपए के खरीदे गन्ने में से सिर्फ 10639.15 लाख रुपए 17 से 20 दिनों का ही भुगतान किया है। 39712.96 लाख रुपए का भुगतान होना बाकी है, जबकि नया पेराई सत्र शुरू होने में सिर्फ चार महीने ही शेष हैं। उच्च न्यायालय प्रयागराज की खंडपीठ लखनऊ ने शैलेंद्र कुमार बनाम उत्तर प्रदेश सरकार मुकदमे में 5 जुलाई 2021 को शादी बीमारी वाले किसानों का वरीयता के क्रम में भुगतान करने का आदेश दिया था। लेकिन न्यायिक आदेश का उल्लंघन कर हो चुके भुगतान और किसानों को दी गई पेस्टीसाइड का मूल्य भी जोड़कर सिर्फ 40 प्रतिशत का भुगतान किया जा रहा है। कम भुगतान होने के कारण बीमार और ऑपरेशन योग्य पीड़ित किसानों का इलाज न हो पाने के कारण उनके ऊपर मौत का साया मंडरा रहा है। गोला सिकंदराबाद रोड पर घरथनिया गांव से अजान तक सड़क निर्माण कार्य में घपले का आरोप लगाकर मानक के अनुरूप सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा, जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवदयाल वर्मा, सलाहकार रविंद्र वर्मा, नगर अध्यक्ष राहुल वर्मा, जय सिंह यादव, अनिल वर्मा, प्रदीप राठौर, मोहम्मद रूफी नईम एडवोकेट, पंकज वर्मा एडवोकेट सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पशुओं में लम्पी का प्रकोप, पशु चिकित्सक और ईओ एक दूसरे पर मढ रहे जिम्मेदारी

## पशुओं के टीकाकरण और बचाव को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन

**मेरी जुबान - संवाद्दाता**

**लखीमपुर खीरी।** भारत नेपाल सीमा से सटे जनपद की पलिया तहसील सहित नगर क्षेत्र में लंपी नामक (वायरस) बीमारी से ग्रसित आवारा पशुओं को भटकते देखा जा सकता है, वही सूत्रों ने बताया कि कुछ पालतू जानवर भी इस तरह की बीमारी से ग्रसित हैं। इसे लेकर जनपद की प्रमुख समाज सेवी संस्था नव निर्माण सामाजिक सेवा समिति के कार्यकताओं ने बुधवार को उप जिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौपते हुए आवारा पशुओं में टीकाकरण कराने सहित पालतू पशुओं के टीकाकरण के लिए कराये जाने की मांग की। गत दिनों देश के राजस्थान, मध्यप्रदेश और हरियाणा में इस बीमारी से ग्रसित हजारों पशु असमय काल कवलित हो गए थे जो भारत ही नहीं पड़ोसी देशों में भी चर्चा का विषय बना था, इस बीमारी में पशुओं की चमड़ी पर फुंसी टाइप के असंख्य चक्कते बन जाते हैं जो देखने में फोड़े-फुंसी जैसे प्रतीत होते हैं। इस बाबत जानकारी के लिए पशु चिकित्सा अधिकारी पलिया से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी वहीं सामाजिक संस्था के संस्थापक परिजात मिश्रा ने बताया कि उनकी नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी एनके चौधरी तथा चिकित्सा अधिकारी डॉ इस्लामुद्दीन से फोन पर बात हुई है लेकिन अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ते हुए चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि नगर क्षेत्र के अंदर आवारा पशुओं को पकड़वाने की जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की है यदि नगर पालिका प्रशासन आवारा पशुओं को पकड़वा कर हमारे पास ले आए तो हम उनका टीकाकरण कर देंगे। अब विषय यह है कि नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी आवारा पशुओं को पकड़े या नगर की सफाई व्यवस्था पर ध्यान दें इस तरह दोनों अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहे हैं। उधर कई दिनों से लगातार हो रही बरसात के कारण नगर की सफाई व्यवस्था भी अपने ढर्रे से हटी हुई है और शहर में आवारा पशुओं की भरमार है। इस मौके पर पारिजात मिश्रा, अनुपम बाजपेई, विवेक मदेशिया, चिंटू पुरी, रवि गारमेंट्स, सुखविंदर सिंह, पवन राठौर, अनुराग दुबे, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# भोजन के जैसे ही प्रत्येक व्यक्ति के लिए वृक्षारोपण करना भी जरूरी - बीना

**मेरी जुबान - संवाद्दाता**

**लखीमपुर खीरी।** पलिया नगर की चर्चित यथार्थ सेवा संस्था सेवा समिति की अध्यक्ष बीना गुप्ता एवं महामंत्री दीपशिखा गुप्ता के नेतृत्व में प्रथम वृक्षारोपण कार्यक्रम बजाज हिंदुस्तान लिमिटेड के रेल सेंटर प्रांगण में यथार्थ सेवा समिति एवं बजाज हिंदुस्तान लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। यथार्थ सेवा समिति द्वारा हर वर्ष शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में सैकड़ों की संख्या में वृक्षारोपण कार्यक्रम कराया जाता है। और उसी श्रंखला के तहत इस वर्ष भी समिति द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का कर शहर में सैकड़ों पेड़ लगाए जाएंगे। इसी क्रम में सबसे पहले आज बजाज हिंदुस्तान लिमिटेड के प्रांगण में यथार्थ सेवा समिति द्वारा सागौन गुलमोहर इत्यादि के पेड़ों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में हिंदुस्तान बजाज हिंदुस्तान के यूनिट हेड सहित चीनी मिल के तमाम कर्मचारियों एवं यथार्थ सेवा



समिति के सदस्यों ने साथ मिलकर वृक्षारोपण कर लोगों को जागरूक किया गया। समिति अध्यक्ष बीना गुप्ता ने कहा कि आज वृक्षारोपण बहुत जरूरी हो चुका है प्रत्येक व्यक्ति को जिस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति के लिए भोजन जरूरी है उसी प्रकार वृक्षारोपण भी उतना ही जरूरी है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर में कम से कम पांच पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा संस्था द्वारा वृक्षारोपण करते समय मुख्य रूप से वृक्षों के संरक्षण की व्यवस्था को ध्यान में रखा जाता है। इसलिए इस वर्ष इस प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया जिससे यहां लगे हुए सभी पौधे सही रूप से चल सके। ओपी चौहान ने कहा कि यथार्थ सेवा समिति द्वारा लगाए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी लेते हुए उनको संरक्षित को सुरक्षित रखने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में यथार्थ सेवा समिति की महामंत्री दीप शिखा गुप्ता, हरदीप कौर मागट, सुशीला गुप्ता पुष्पा गुप्ता, उर्मिला शुक्ला पूनम गुप्ता साक्षी, बबीता गर्ग, पूजा, सरिता जायसवाल, कृष्णा वर्मा, सारिका चौधरी, दया गुप्ता एवं हरीश चावला, हरपाल सिंह, मनोज मिश्रा, राजीव तोमर, सतीश श्रीवास्तव, प्रभाकर गोयल, भैरव सिंह सहित बजाज चीनी मिल एवं यथार्थ सेवा समिति के अन्य सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भारतीय दिव्यांग यूनियन की मासिक बैठक संपन्न

**मेरी जुबान - गोला संवाद्दाता**

**गोला-खीरी।** भारतीय दिव्यांग यूनियन की मासिक बैठक विकासखंड गोला कुंभी में तहसील अध्यक्ष विकास कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस असवर पर बैठक में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। विकास कुमार ने बैठक में कहा कि भाजपा सरकार ने अपने घोषणापत्र में कहां था की प्रदेश में अगर हमारी सरकार बनती है तो दिव्यांग जनों को मासिक 1500 रुपए देंगे, विधवा माताओं को, वृद्धजनों के लिए लेकिन दुर्भाग्य की बात है की लगभग ढाई साल बीत गया है लेकिन अभी तक समय से दिव्यांग जनों की पेंशन या वृद्धजनों की पेंशन नहीं आई है। भाजपा सरकार जो भी वादे करती है वह झूठे वादे करती है। जाति धर्म पर वोट मांगती है। शासन करने के लिए अनेक प्रकार के झूठे वादे करती है। उन्होंने कहा कि अगर शीघ्र ही अपने वादे पर उत्तर प्रदेश सरकार खरी नहीं उतरती है तो दिव्यांगजन आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। इस मौके पर, संजेश कुमार राठौर, तिलकराम वर्मा, रियाजुद्दीन इदरीसी, रजनीश, परवेज अली, वसीम अहमद, श्यामू, पुष्पा देवी, रुखसाना, खैरुन्निसा, आदि दिव्यांग भाई बहन मौजूद रहे।

# वैचारिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**मेरी जुबान - गोला संवाददाता**

**गोला-खीरी।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद (अवध प्रांत) लखीमपुर खीरी इकाई द्वारा मंगलवार को नगर गोला में नारायणी देवी मंदिर (फूल बाबा आश्रम) प्रांगण में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में वैचारिक संगोष्ठी एवं



सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दंडी स्वामी केशव महाराज ने की। कार्यक्रम का संचालन संस्था के जिला अध्यक्ष रमेश पांडे शिखर शलभ ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक माननीय अमन अरविंद गिरी, विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय साहित्य परिषद (अवध प्रांत)के महामंत्री श्री द्वारका प्रसाद रस्तोगी एवं वरिष्ठ शिक्षक राम नरेश मिश्र रहे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद दीक्षित एवं पूर्व प्रवक्ता पब्लिक इंटर कॉलेज अनिल कुमार अस्थाना के साथ ही गोला नगर के उन तीन वरिष्ठ साहित्यकारों द्वारिका प्रसाद रस्तोगी आचार्य नन्दी लाल एवं श्रीकांत तिवारी कान्त को भी सम्मानित किया गया जो कि अभी विगत माह में विद्यावाचस्पति की उपाधि से अलंकृत किये जा चुके हैं। समस्त सम्मानित शिक्षक गण व साहित्यकारों को उत्तरीय, पुष्पमाला और श्रीफल प्रदान करते हुए अंग वस्त्र के रूप में शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लगभग दो दर्जन से अधिक कवियों ने मुख्य विषय पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए काव्य पाठ भी किया। काव्य पाठ करने वालों में प्रमुख रूप से सुधीर अवस्थी, आलोक तिवारी आलोक मुनेंद्र प्रताप मंजुल, श्रीपाल वर्मा, शशिकांत मिश्र शशि, संत कुमार बाजपेई संत, संगम गुप्ता, हितेश पांडे सुशांत, अमन श्रीवास्तव, श्याम मोहन मिश्र, आचार्य नन्दी लाल निराश, श्रीकांत तिवारी कांत बृजेश तिवारी बृजेश श्रीपाल वर्मा, अमर फतेहपुरी, श्री द्वारिका प्रसाद रस्तोगी और जिलाध्यक्ष रमेश पाण्डेय ह्लशिखर शलभह्ल ने अपनी रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं की प्रशंसा पाई।

# वनकर्मी ने लाठी से की शख्स की पिटाई, वीडियो वायरल, ये है पूरा मामला

**मिजार्पुर।** हलिया वन विभाग के कर्मचारी द्वारा एक व्यकि के पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वन विभाग का वदीर्धारी कर्मचारी एक व्यक्ति की बेरहमी से पिटाई कर रहा है। न्यायिक मानवाधिकार सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने घटना की जांच कराए जाने की मांग की है। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो 15 जून का है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक जंगल में शिकार करने वाले लोगों को पकड़कर उनका चालान किया गया था। वायरल वीडियो मामले में शमीम निवासी हलिया का कहना है कि उसका घर जंगल की पास है। विभाग के लोगों ने उसे पकड़ कर पेड़ से सटा कर लाठी से पिटाई की। इसके बाद फर्जी मुकदमे में चालान कर दिया। पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद विभिन्न संगठनों ने कार्रवाई की मांग की है। न्यायिक मानवाधिकार सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने मामले की जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# महाजनसंपर्क अभियान के तहत मिस कॉल के माध्यम से मोदी सरकार को दिलाया समर्थन

## विशिष्ट जनों से मुलाकात कर बताई केन्द्र सरकार और प्रदेश की उपलब्धियां, मिस कॉल दिलाया समर्थन



**मेरी जुबान ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** केंद्र की मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देश भर में चलाया जा रहा महाजनसंपर्क अभियान जारी है। इसी के तहत बुधवार को भाजपा अवध क्षेत्र अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने बूथ संख्या 211 शक्ति केन्द्र पब्लिक इंटर कॉलेज अर्जुन नगर कॉलोनी में पंकज सिंह यादव, सतनाम सिंह, विजय सिंह चौहान, डॉ आशुतोष गुप्ता, डॉक्टर रवि वर्मा सहित भारी संख्या में लोगों से मुलाकात कर उन्हें केन्द्र सरकार और प्रदेश की उपलब्धियां बताई और मिस कॉल के माध्यम से मोदी सरकार को समर्थन दिलाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, मनोज त्रिवेदी, जिला उपाध्यक्ष व नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, सुरजन लाल वर्मा, विनोद वर्मा मंडल अध्यक्ष, सत्रोहन मिश्रा नगर मंत्री धीरज बाजपेई सहित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। अभियान के तहत क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने बूथ जनसंपर्क करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की दिशा और दशा दोनों बदल दी विकास के साथ-साथ समाज के सभी वर्ग क्षेत्रों का विकास होने के साथ विश्व में भारत आज अपनी एक अलग पहचान बनाने में सफल हुआ है और यह सब प्रधानमंत्री मोदी की सोच अथक परिश्रम और मेहनत के बल पर ही संभव हुआ है। आपको बता दें मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर अभियान चलाया है। इसके लिए भाजपा नेताओं को अलग अलग जिम्मेवारी सौंपी गई हैं। आम जनता से लेकर खास लोगों से भी मुलाकात के अलग अलग कार्यक्रम तय किये गये हैं।

# बच्चों की अच्छी शिक्षा-दीक्षा से बनता है समाज का सुंदर स्वरूप - बीएसए

## पांच ब्लाकों के 976 परिषदीय विद्यालयों में एक साथ संपन्न हुई पीटीएम



**मेरी जुबान ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देशन में बुधवार को पांच ब्लाकों के परिषदीय विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी कराई गई। इस दौरान बीएसए द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश के क्रम में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और सीडीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान चलाया जा रहा है। बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय जाने के लिए प्रेरित करने के लिए जन जागरूकता के तहत विद्यालयों में पीटीएम और निरीक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बुधवार को पांच ब्लाकों बांकेगंज, बेहजम, निघासन, बिजुआ एवं पलिया के 976 परिषदीय विद्यालयों में पीटीएम कराई गई। बीएसए ने बांकेगंज ब्लाक के संविलियन विद्यालय हरिहरपुर में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी में प्रतिभाग किया। उन्होंने विद्यालय के समस्त स्टाफ और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालयों में पढ़ रहे यह बच्चे समाज की मेरुदंड हैं। इन बच्चों के पढ़ने लिखने के द्वारा ही समाज का सुंदर स्वरूप बनता है। अतः इन बच्चों की पढ़ाई के लिए अभिभावकों का जागरूक होना अतिआवश्यक है। उन्होंने छात्र-छात्राओं के माता-पिता अभिभावकों से कहा कि अपने बच्चों को स्वच्छ यूनिफॉर्म में ही नियमित विद्यालय भेजें। बच्चे सभी बुद्धिमान होते हैं। शिक्षक और अभिभावक बच्चों को अच्छे मार्गदर्शन देकर उनका सुंदर स्वरूप गढ़ते हैं। अतः इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए शिक्षकों और अभिभावकों को पूरे मनोयोग से जुड़ना चाहिए। बीएसए ने उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर में कक्षाओं में निरीक्षण कर बच्चों से पाठ्यक्रम संबंधी प्रश्न पूछे। निपुण लक्ष्य पर फोकस करते हुए प्रयोगशाला और पुस्तकालय को भी देखा। सभी शिक्षकों और बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया। पिछले सत्र में सबसे अधिक उपस्थिति देने वाली छात्रा अश्विनी कक्षा दो और उसके पिता पंकज कुमार को बीएसए ने सम्मानित किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी बांकेगंज राकेश कुमार भी उपस्थित रहे। इसके साथ उन्होंने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों व परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को निर्देश दिए कि समस्त विद्यालयों में आउट ऑफ स्कूल बच्चों का नामांकन कराएं। विद्यालय सेवित क्षेत्र में प्रत्येक छात्र- छात्रा का शत प्रतिशत नामांकन करें, बच्चों की उपस्थिति एवं ठहराव के लिए अभिभावकों एवं बच्चों को प्रेरित करें। अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी कार्यक्रम के प्रभारी डीसी एमआईएस पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पांच जुलाई से सात जुलाई के मध्य जनपद के समस्त विद्यालयों में निर्धारित तिथियों पर पीटीएम का आयोजन और विशेष सघन निरीक्षण किया जाएगा।

### औचक निरीक्षण में 10 शिक्षक मिले अनुपस्थित

बुधवार को हुए विशेष सघन निरीक्षण में ब्लॉक पलिया में एक अनुदेशक, निघासन में चार शिक्षक, एक प्रधानाध्यापक, बेहजम में एक शिक्षामित्र, एक सहायक अध्यापक, एक अनुदेशक और बिजुआ में दो सहायक अध्यापक अनुपस्थित मिले। विशेष सघन निरीक्षण अभियान में समस्त खंड शिक्षा अधिकारी और समस्त जिला समन्वयक ने विभिन्न ब्लाकों में सघन निरीक्षण किया।

# देव स्थान के पास लगा वाटर कूलर नहीं बूझा पा रहा राहगीरों की प्यास

## उमरिया बाजार से पांच सौ मीटर दूर शिव मंदिर के पास लगा वाटर कूलर हुआ शो-पीस

**संवाद्दाता - प्रदीप वर्मा**

**नकहा-खीरी।** विकासखंड नकहा की ग्राम पंचायत उमरिया के क्षेत्र पंचायत सदस्य संजय कुमार और ब्लाक प्रमुख पवन गुप्ता द्वारा उमरिया



बाजार से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर स्थित शिव मंदिर के पास लगवाया गया वाटर राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए बेमक्शद साबित हो रहा है। उक्त स्थान पर यह स्थित बीते करीब एक साल से बनीं हुई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ब्लाक प्रमुख और बीडीसी सदस्य द्वारा यह वाटर कूलर राहगीरों और श्रद्धालुओं की प्यास बुझाने के लिए लगाया गया था। लेकिन बीते करीब एक वर्ष से देखरेख के अभाव में इसकी स्थिति बदहाल होती जा रही है। कहने को तो आरो का ठंठा पानी पीने को मिलेगा लेकिन हकीकत इसके उल्ट हैं। राहगीर और श्रद्धालुओं की प्यास यह वाटर कूलर नहीं बुझा पा रहा है। देखरेख के आभाव में टाइल्स आदि टूट रहें हैं।

# बारिश ने शहर के इलाको में हुआ जलभराव

## नाला सफाई के नाम पर खर्व हुए करोड़ों रुपए पहली ही बारिश में बर्बाद हुए

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री चौराहे से हजरतगंज को जाने वाली सड़क पर पानी लग गया। यहां जल भराव न हो इसके लिए नगर विकास मंत्री ने पिछले बार दौरा कर अधिकारियां को आदेश भी जारी किया था। नगर निगम के सभी दावों की पोल पहली बारिश में खुल गई है। नाला और नालियों की सफाई के लिए नगर निगम ने इस साल करीब 5 करोड़ रुपए का बजट दिया था। मेयर सुषमा खर्कवाल और नगर विकास मंत्री एके शर्मा कई बार आदेश जारी कर चुके थे कि शहर में जलभराव नहीं होना चाहिए। लेकिन उसके बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं आया है। स्थिति यह है कि मुख्यमंत्री आवास से महज 500 मीटर दूर सिविल अस्पताल के सामने पानी भर गया। यह वहीं जगह है जहां पिछले 10 साल से जल भराव की समस्या बनी हुई है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने इसको लेकर पिछली बार दौरा भी किया था और आदेश जारी किया था कि यहां पानी न भरे इसको लेकर पाइप लाइन से लेकर सीवर का काम ठीक से किया जाए। लेकिन उसके बाद भी बुधवार को यहां जलभराव रहा। आलमबाग सब्जी मंडी में भी पानी भर गया। यहां सब्जी लगाने वाले कारोबारी उमेश सोनकर ने बताया कि काफी खराब स्थिति है। हर बार यह समस्या रहती है। उन्होंने बताया कि बारिश की वजह से एक-एक कारोबारी का हजारों रुपए का माल बर्बाद होता है। गीतापल्ली वार्ड के कई इलाकों में पानी भर गया। इसकी वजह से लोगों का घर से निकला दूभर हो गया। इलाके के पूर्व पार्षद अरविंद यादव ने बताया कि नगर निगम के अधिकारियों के भ्रष्टाचार की वजह से यहां के करीब 10 हजार लोग जल भराव की समस्या झेलने को विवश हैं। आरोप है कि अगर कहीं पर शिकायतकर्ता बीजेपी का वोटर नहीं है तो वहां पर ठीक से काम नहीं हो रहा है। कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने बताया कि कई इलाकों में सफाई से लेकर कूड़ा उठाने और जलभराव की समस्या लगातार बढ़ रही है। नया गांव पश्चिम इलाके के गलियों में भी पानी भर गया है। यहां रहने वाले मतीन ने बताया कि स्थिति यह है कि नाव भी गलियों में चलाया जा सकता है। सपा पार्षद लईक आगा ने बताया कि इस बार नालों की सफाई ठीक से न होने की वजह से शहर के सभी इलाकों में जलभराव की समस्या बनी हुई है। रोज बारिश हो रही है और रोज मोहल्ले में जलभराव हो रहा है। उन्होंने इस मामले पर मेयर और नगर आयुक्त से संज्ञान लेने को कहा है। वहीं बीजेपी पार्षद प्रदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि नालों की सफाई के नाम पर लूट की गई है। 5 करोड़ का बजट आया था। यदुनाथ सान्याल वार्ड के हाता लक्ष्मण दास कालोनी में स्मार्ट सिटी के तहत नई सीवर लाइन डालने के बाद भी जलभराव की समस्या है।इलाके में रहने वालों ने बताया कि स्मार्ट सिटी के काम से पहले यहां सिर्फ जलभराव होता था अब सिल्ट भी सड़क पर भर जाती है।

# जानकीपुरम सहारा स्टेट रोड पर रोज भीषण जाम

**लखनऊ।** जानकीपुरम सहारा स्टेट के बाहर बीच में कवर नाले के दोनों साइड बेतरतीब सीधी और उल्टी दिशा में जाती गाड़ियां भीषण जाम से जूझते जानकीपुरम व आसपास के निवासी। एक साइड में तीन तीन लाइनों में चलती गाड़ियां दूसरी ओर विपरीत दिशा से चलती हुई स्कूल बसें तथा अन्य गाड़ियां। सहारा गेट के बाहर पिंक बूथ होने के बावजूद पुलिस का कोई सहयोग नहीं मिलता। सहारा स्टेट के बाहर मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण की वजह से प्रतिदिन भीषण जाम लगता है। इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा से स्पोर्ट्स कॉलेज रोड पर जाने वाला सारा ट्रैफिक टेढ़ी पुलिया चौराहे से ना जाकर सहारा एस्टेट गेट के मोड़ से आते जाते हैं जिससे दिनभर ट्रैफिक जाम लगा रहता है। जानकीपुरम सहारा स्टेट रोड हाईवे की तरह इस्तेमाल हो रही है 24 घंटे तेज रफ्तार बड़ी गाड़ियां आती जाती है। यहां के निवासी बहुत परेशान हैं कई एक्सीडेंट भी हो चुके हैं क्या किसी बड़े एक्सीडेंट का इंतजार है। जानकीपुरम निवासी हास्य व्यंगकार श्यामल मजूमदार का कहना है। यह रेजिडेंशियल एरिया है यहां हाईवे की तरह हर तरह की गाड़ियों का संचालन अर्थात आना जाना नहीं होना चाहिए, यह बहुत गंभीर समस्या है। इसका तुरंत निराकरण होना चाहिए।



# निषाद पार्टी पर चीटिंग का आरोप, चुनाव आयोग से शिकायत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के मुखिया संजय निषाद की पार्टी का सिम्बल खतरे में पड़ सकता है।एक व्यक्ति ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर शिकायत कर उनपर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने चुनाव आयोग में किसी और नाम से अपनी पार्टी रजिस्टर्ड करवाई है, जबकि निषाद के नाम से राजनैतिक पार्टी का संचालन कर रहे हैं।उत्तर प्रदेश के बिजनौर निवासी हरिश्चंद्र कश्यप ने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि संजय निषाद ने चुनाव आयोग में अपनी पार्टी का नाम श्निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दलश रखा है ,जबकि चुनावों में वो निषाद पार्टी के बैनर पर जनता के बीच जाते हैं। शिकायतकर्ता ने इसे निषाद समाज का अपमान बताते हुए संजय निषाद की पार्टी का रजिस्ट्रेशन खारिज कर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। दिल्ली स्थित मुख्य चुनाव आयोग को दिए शिकायती पत्र में बताया गया है कि आयोग द्वारा 23 दिसंबर 2021 को जारी जारी दलिए सूचि के क्रमांक संख्या 1770 पर संजय निषाद की पार्टी श्निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दलश का पंजीकरण हुआ है। पत्र का लबोलुआब यह है की संजय निषाद ने अंग्रेजी में निषाद को लिखा है, एनआईएसएचएडी। अंग्रेजी में लिखे इन्ही शब्दों को उन्होंने विस्तार दिया है। जिसका मतलब है ,एन का मतलब निर्बल, आई का मतलब इंडियन, एस का मतलब शोषित, एक का मतलब हमारा, ए का मतलब आम, जबकि डी का मतलब दल है। शिकायतकर्ता को इसी बात पर आपत्ति है। उन्होंने आयोग को बताया है कि ऐसा करना कानूनी अपराध है। उन्होंने ऐसा करके समूचे निषाद बिरादरी, जिसमें कश्यप,मल्लाह,बिंद, माझी,मझवार, गोड़, गुडिया, धुरिया, कहार, धीवर और वाथम जैसी नाम वाली जातियां आती हैं, उन्हें अपमानित किया है। निषाद पार्टी रखने से सीधा मतलब यह निकलता है कि उनकी पार्टी एक खास जाति की पार्टी है। उनकी पार्टी के नाम को सुनकर इस बिरादरी के लोग भ्रमित होते हैं।

# ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक

## मौलाना खालिद रशीद फिरंगी बोले, यूनिफॉर्म सिविल कोड की मुल्क में कोई जरूरत नहीं



**लखनऊ।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के नए अध्यक्ष चुने जाने के बाद बुधवार को ला बोर्ड की पहली बैठक बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने की। मौसम खराब होने के कारण ये बैठक ऑनलाइन माध्यम से की गई। इस बैठक में बोर्ड के सभी 51 सदस्य ऑनलाइन के माध्यम से उपस्थित रहे। बोर्ड की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। सभी ने यूसीसी का विरोध किया। बोर्ड की बैठक में और जो भी बात हुई है उसकी जानकारी आज शाम को प्रेस नोट के माध्यम से दी जाएगी। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा,यूनिफॉर्म सिविल कोड की मुल्क में कोई जरूरत नहीं है। इसका मसला सिर्फ मुस्लिम का नहीं बल्कि कई और कम्यूनिटीज का है। 5 साल पहले भी इस पर चर्चा हुई थी। जिस पर 21वें लॉ कमीशन ने कहा था कि मुल्क को इसकी जरूरत नहीं है। लोग भी इस पर अपनी राय दे रहे हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी एक लेटर जारी किया है, जिसमें लोगों से उनकी राय मांगी गई है। कहा गया है कि यूसीसी का सभी लोग विरोध करें। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक काफी है मानी जा रही है इस बैठक में यूनिफॉर्म सिविल कोर्ट को लेकर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में यूनिफॉर्म सिविल कोड के द्वारा होने वाले दुष्प्रभाव को भी बताया जाएगा। इसके साथ ही बोर्ड की बैठक में आज ज्ञानवापी और मथुरा के मुद्दों पर भी चचाएं की जाएंगी और यह भी फैसला दिया जाएगा कि किस तरीके से इन मुद्दों को लेकर ला बोर्ड को तैयारी करनी है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की तरफ से आज या बैठक मुख्यतः यूनिफॉर्म सिविल कोर्ट को लेकर है जिसमें इस कानून को लेकर पर्सनल ला बोर्ड के सदस्यों के साथ चर्चा के साथ ही साथ इसकी ड्राफ्ट को भी तैयार किया जाएगा और बोर्ड की तरफ से लॉ कमीशन ऑफ इंडिया को ये ड्राफ्ट सौंपा भी जायेगा। पत्र में कहा गया है की देश में कामन सिविल कोड लागू किये जाने को लेकर माहौल तैयार किया जा रहा है। ऐसी करके विभिन्न धर्म और अलग-अलग संस्कृतियों वाले देश की धार्मिक और सांस्कृतिक स्वतंत्रता पर हमला किया जा रहा है। और विधि आयोग के द्वारा किए जा रहे सर्वे में हमें अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करनी है। और इसका विरोध करना है।

# अब 9 जुलाई को शिया कॉलेज में शैक्षिक सम्मेलन होगा

## इमामिया एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम



**लखनऊ।** इमामिया एजुकेशनल ट्रस्ट के महासचिव मौलाना अली हुसैन कुम्मी ने बताया कि इमामिया एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित शैक्षिक सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम रविवार 9 जुलाई को शाम 4 बजे आसफी इमामाबाद हुसैनाबाद लखनऊ में आयोजित किया जाना था। अब यह 9 जुलाई को शाम 4 बजे शिया पीजी कॉलेज, विक्टोरिया स्ट्रीट, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण सिर्फ आयोजन स्थल बदला गया है और तारीख और समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है. उन्होंने कहा कि शैक्षिक सम्मेलन में 900 विद्यार्थियों के बीच लॉटरी निकाल कर कई बड़े पुरस्कार और कई बुद्धिजीवियों को सम्मानित किया जायेगा. सम्मेलन में कई गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। मौलाना क्यूमी ने कहा कि इस अवसर पर ईरान, इराक और कर्बला के पवित्र स्थानों की तीर्थयात्रा के लिए एक ड्रा भी निकाला जाएगा, जिसके टोकन ट्रस्ट के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्थान परिवर्तन के कारण माननीय अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं को सूचित कर दिया गया है, परन्तु जिनको सूचना नहीं मिली है, वे इस सूचना को पर्याप्त समझकर शिया कॉलेज, विक्टोरिया स्ट्रीट, लखनऊ में समय से उपस्थित हों। ट्रस्ट का यह फैसला खराब मौसम के कारण लिया गया है. संयोजक मुहम्मद अफाक ने यह जानकारी देते हुए राजनीतक सामाजिक लोगों एवं छात्र छात्रों छात्राओं को हुई परेशानी के लिए खेद व्यक्त किया।

# केंद्र की योजनाओं की जमीनी हकीकत परखेंगे अफसर

## ऋतु सुहास को मिली मथुरा और आगरा की जिम्मेदारी,आज पहुँच सकतीं मथुरा

**लखनऊ।** 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं। भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी है। चुनाव के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ रही है। उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों को जीतने के लिए भाजपा ने कमर कसी है। केंद्र की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए महासंपर्क अभियान चल रहा है। केंद्रीय योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। मथुरा और आगरा की जिम्मेदारी नगरी निकाय निदेशालय की अपर निदेशक ऋतु सुहास को सौंपी गई है।राज्य सरकार और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ आम आदमी को मिल पा रहा है या नहीं इसकी हकीकत जानने के लिए अधिकारियों की तैनाती की गई है। आईएएस और पीसीएस अधिकारियों को 2 या 4 जिले की जिम्मेदारी दी गई है। यह अधिकारी जिलों में जाकर योजनाओं की जमीनी हकीकत जानेंगे और उसकी रिपोर्ट शासन को सौंपेंगे।अधिकारियों की रिपोर्ट अनुसार अगर किसी योजना में कमी पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है।आगरा और मथुरा जिले में योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने की जिम्मेदारी नगर निकाय निदेशालय में अपर निदेशक के पद पर तैनात ऋतु सुहास को दी गई है। ऋतु सुहास तेजतर्रार अधिकारियों में गिनी जाती हैं। यह अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री डिजिटल योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री किसान केवाईसी, रेल कौशल विकास योजना, अग्निपथ, नरेगा, आयुष्मान भारत आदि योजनाओं की जांच करेंगी। कल 6 जुलाई तक ऋतु सुहास मथुरा पहुंच सकती है।

# पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए पूरी तरह नि:शुल्क ओ लेवल, सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण का मौका

## इच्छुक अभ्यर्थी 22 जून से 07 जुलाई तक करे ऑनलाइन आवेदन



अभय कुमार सागर
जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी खीरी

मेरी जुबान - संवाद्दाता

लखीमपुर खीरी। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से पिछडा वर्ग के बेरोजगार युवक, युवतियों के लिए संचालित ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण शीघ्र संचालित होगा। इस वर्ग से जुड़े छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर अवसर है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत प्रशिक्षण शुरू कराये जाने के सम्बन्ध में निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण, उप्र, लखनऊ ने संशोधित समय-सारणी निर्गत की है। उक्त आशय की जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अभय कुमार सागर ने दी।

### ऐसे करे ऑनलाइन आवेदन, बताई प्रक्रिया

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अभय कुमार सागर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में ओ-लेवल/सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी पिछड़ा वर्ग विभाग, उप्र की बेवसाइट http:// backwardwelfare up.gov.in एवं http:// obccomputer training.upsdc.gov.in पर दिये लिंक से जनसुविधा केन्द्रों, साईबर कैफे, निजी इण्टरनेट केन्द्र द्वारा स्वयं आनलाइन आवेदन 22 जून से 07 जुलाई तक किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के समय शैक्षिक व अन्य अभिलेखों को अपलोड किया जायेगा। अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे। आनलाइन आवेदन के बाद आवेदन की प्रति का प्रिंटआउट प्राप्त कर समस्त अभिलेखों, औपचारिताओं (आय, जाति प्रमाण पत्र व अन्य शैक्षिक अभिलेख) को संलग्न कर उसकी हार्डकापी कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, द्वितीय तल, विकास भवन में 07 जुलाई की सायं 05 बजे तक जमा की जायेगी।

### यह है योजना की पात्रता, शर्तें:

इस योजना के अन्तर्गत तहसीलदार द्वारा जारी रू. एक लाख मात्र तक का आय प्रमाण हो। कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए न्यूनतम शैक्षिक अर्हता (10$2) इण्टरमीडियट जरूरी है। तहसीलदार द्वारा जारी पिछड़े वर्ग का जाति प्रमाण पत्र, आवेदक के आधार कार्ड की प्रति, प्रशिक्षणार्थी की अधिकतम आयु 35 वर्ष से अधिक न हो। प्रशिक्षणार्थी बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न ले रहा हो।

# यूसीसी का एआईएमपीएल ने किया विरोध,हज कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन रजा बोले

## ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड नहीं, मौलवी पर्सनल लॉ बोर्ड

**लखनऊ।** देश में यूसीसी (यूनिवर्सल सिविल कोड) लाने को लेकर हो रही चर्चा के बीच ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएल) ने इसका विरोध और तेज कर दिया है। अब इसी कड़ी में एक पत्र जारी किया गया है। एआईएमपीएलबी की तरफ से जारी इस पत्र में लोगों से समान नागरिक संहिता लाने जाने का विरोध करने की अपील की गई है। इसी का पलटवार करते हुए हज कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन रजा ने कहा कि अब ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड नहीं बल्कि मौलवी पर्सनल लॉ बोर्ड है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने पत्र में लिखा कि देश में यूनिवर्सल सिविल कोड लागू किए जाने को लेकर माहौल तैयार किया जा रहा है। ऐसा करके विभिन्न धर्म और अलग-अलग संस्कृतियों वाले देश की धार्मिक और सांस्कृतिक स्वतंत्रता पर हमला किया जा रहा है। विधि आयोग के द्वारा किए जा रहे सर्वे में हमें अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करनी है। और इसका विरोध करना है। यूपी हज समिति के अध्यक्ष मोहसिन रजा ने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को मौलवी पर्सनल लॉ बोर्ड बताया। उन्होंने कहा कि, मौलवी पर्सनल लॉ बोर्ड होने के नाते ये यूनिफॉर्म सिविल कोड का विरोध जरूर करेंगे। क्योंकि, सभी समाज के साथ मुस्लिम समाज को एक समान अधिकार मिलने से मौलवी पर्सनल लॉ बोर्ड की दुकानें बंद हो जाएंगी। उन्होंने कहा, जिस तरह तीन तलाक खत्म होने से मुस्लिम समाज की बहनों और बेटियों को राहत मिली है, ये संगठन नहीं चाहते हैं की इस तरह के और कानून बनें। इससे मुस्लिम समाज के अधिकार और अधिक सुरक्षित होंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## बीकेटी में भारी बारिश से हर तरफ जलभराव

### बीडीओ कार्यालय में पानी भरा, सीएचसी में मरीजों को आने जाने में हो रही परेशानी

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब क्षेत्र में भारी बारिश से क्षेत्र में जगह जगह जल भराव हो गया है, जिससे जनता त्रस्त है। क्षेत्र के सरकारी कार्यालय भी जलमग्न हो गए हैं। बीकेटी खंड विकास अधिकारी कार्यालय और तहसील परिसर में जलभराव होने से विकास की पोल खुल गई। बीकेटी सीएचसी में जलभराव से मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। बीकेटी नगर पंचायत की ड्रेनेज नालियों में समुचित सफाई नहीं होने के चलते क्षेत्र के अधिकांश क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बुधवार सुबह से बख्शी तालाब क्षेत्र में तेज बारिश के चलते जगह-जगह जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। मानसून के आगमन के चंद दिनों में बीकेटी नगर पंचायत क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था नहीं होने से जलभराव होने से जनता त्रस्त हो गई है, जबकि सीएम योगी ने मानसून आगमन से पहले सभी संबंधित विभाग को निर्देश दिया था कि मानसून आने से पहले जल निकासी की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त कर ली जाए, ताकि बारिश से कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न ना हो। वहीं, बख्शी का तालाब नगर पंचायत क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंदौराबाग, बीकेटी तहसील और खंड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में जलभराव हो गया है। यही नहीं, बीकेटी के इंदौराबाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जलभराव से मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना उठाना पड़ रहा है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डाक्टर जे पी सिंह ने बताया कि अस्पताल में बारिश से जलभराव हो जाता है। उन्होंने बताया कि बीकेटी नगर पंचायत के द्वारा बनाई गई नालियों से जल निकासी नहीं होने के चलते सारा पानी अस्पताल में घुस जाता है, जिससे जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। इस संबंध में बख्शी का तालाब नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा से लिखित शिकायत भी की है कि बारिश में नालियों की सफाई की जाए, ताकि बारिश के पानी का अस्पताल में भराव न हो सके। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठा।

## आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना पर भड़कीं मायावती


**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने बुधवार को मांग की कि मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक आदिवासी व्यक्ति पर पेशाब करने के आरोपी व्यक्ति की संपत्ति जब्त कर ली जाए या उसे ध्वस्त कर दिया जाए। भोपाल में अधिकारियों ने कहा कि आरोपी के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम और कड़े राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मायावती ने ट्वीट कर लिखा कि मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक आदिवासीध्दलित युवक पर स्थानीय दबंग नेता द्वारा पेशाब किए जाने की घटना अति-शर्मनाक, जिस अमानवीय कृत्य की जितनी भी निन्दा की जाए वह कम। इसका वीडियो वायरल होने के बाद ही सरकार का जागना इनकी संलिप्तता को साबित करता है, यह भी अति-दुःखद। इसके बाद मायावती ने एक अन्य ट्वीट में लिखा कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा इस सम्बंध में मुजरिम को बचाने व उसे अपनी पार्टी का न बताने आदि को त्याग कर उस अपराधी के खिलाफ केवल एनएसए नहीं बल्कि उसकी सम्पत्ति को जब्त,ध्वस्त करने की कार्रवाई करनी चाहिए। ऐसी घटनायें सभी को शर्मसार करती हैं।

## रोजगार के सवाल 15 जुलाई को कांस्टीट्यूशन क्लब दिल्ली में संयुक्त युवा मोर्चा का राष्ट्रीय अधिवेशन

**लखनऊ।** रोजगार के सवाल पर देशव्यापी आंदोलन संगठित करने के लिए 113 संगठनों द्वारा बनाए गए संयुक्त युवा मोर्चा ने 15 जुलाई को कांस्टीट्यूशन क्लब नई दिल्ली में राष्ट्रीय अधिवेशन बुलाया है। इसमें प्रमुख रूप से रोजगार अधिकार की कानूनी गारंटी, राज्यों व केंद्र सरकार में रिक्त पड़े एक करोड़ पदों को पारदर्शिता के साथ समयबद्ध भरने, सरकारी नौकरी में संविदा व आउटसोर्सिंग व्यवस्था को खत्म करने और रेलवे, पोर्ट, बैंक, बिजली-कोयला, इस्पात, संचार समेत शिक्षा-स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक क्षेत्रों में निजीकरण निषिद्ध करने जैसे मुद्दे शामिल हैं। इसके अलावा रोजगार सृजन के लिए संसाधनों को जुटाने के लिए कारपोरेट्स पर संपत्ति व उत्तराधिकार जैसे टैक्स लगाने की भी मांग की जा रही है। उक्त जानकारी युवा मंच संयोजक राजेश सचान ने दी। युवा मंच कार्यकारिणी सदस्य ई. राम बहादुर पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अमूमन चयन प्रक्रिया ठप है, आईटीआई अनुदेशक, टीजीटी पीजीटी, असिस्टेंट प्रोफेसर, जेई 2018 समेत तमाम भर्तियां अधर में लटकी हुई हैं। प्रदेश में 6 लाख से ज्यादा पद रिक्त हैं लेकिन चुनावीं वाद भी इन्हें भरने भरने से इंकार किया जा रहा है। शिक्षकों से लेकर स्वास्थ्य एवं तकनीकी संवर्ग समेत विभिन्न विभागों में आउटसोर्सिंग व संविदा व्यवस्था से काम कराया जाना रिक्त पदों पर नियमित भर्ती से इंकार करने की प्रमुख वजह है। प्रदेश में चयन प्रक्रिया में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद का बोलबाला है। इन मुद्दों को भी संयुक्त युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन में उठाया जाएगा। युवाओं से अपील की कि राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाएं।

## धर्म और जाति की राजनीति कर रही एनडीए की सरकार: राजद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय जनता दल उप्र के कार्यकताओं ने आज पार्टी का 27वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। राजद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह ने मीटिंग की अध्यक्षता की।राजद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा, सभी दलों को एकजुट होकर भाजपा को सत्ता से हटाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय जनता दल 2024 मे भाजपा के लिए बहुत बड़ी चुनौती बनने जा रहा है। एनडीए सरकार को सत्ता से हटाने का मन जनता बना चुकी है क्योंकि इनकी कथनी और करनी में फर्क को जान चुकी है। प्रदेश के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। राजद नेताओं ने भ्रष्टाचार और देश में फैल रहीआरजकता पर चिंता जाहिर की। दारुलसफा के कामन हाल में आयोजित समारोह में पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय जनता दल रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव अंगारा ने कहा कि वर्तमान में एनडीए की सरकार जनता के हितों पर ध्यान न देकर धर्म और जाति की राजनीति कर रही है। वह देश के लिए बहुत नुक्सानदेह है। हम सबको इस विषय में गंभीरता से चिंतन करना चाहिए।



## सम्पादकीय

### राजनीतिक हैसियत खोकर दूसरे एकनाथ शिंदे बनकर रह गये अजित पवार ?

महाराष्ट्र की सत्ता में सहभागिता कर उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद स्वयं के मुख्यमंत्री बनने की घोषणा करने वाले अजीत पंवार द्वारा आहूत राकांपा के विधायकों-सांसदों-कार्यकताओं की 05 जुलाई, 2023 को अपने नेतृत्व में एमईटी सेंटर, मरीन ड्राइव पर आयोजित बैठक में मात्र 29 विधायकों, केवल कुछ राकांपा सांसदों और विशेष रूप से पार्टी के आम कार्यकताओं की अति न्यून मौजूदगी ने इस तथ्य को किसी भी संदेह के इतर जाकर प्रमाणित कर दिया है कि उनकी भी परिणीति शिवसेना से अलग होकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने वाले एकनाथ शिंदे की भांति ही होने जा रही है। जो आज राज्य के मुख्यमंत्री पद पर भले ही विराजमान हों, परन्तु आमजन का कोई समर्थन उन्हें कदापि भी प्राप्त नहीं हैं। हां, उन लोगों का बडा तबका उनके पीछे जरूर चलता दिख रहा है, जिसके लिये सत्ता सदैव से केवल अपना लाभ सुनिश्चित करने का साधन मात्र ही रही है। दूसरी ओर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार द्वारा 05 जुलाई, 2023 को ही अपने नेतृत्व में मुंबई के मशहूर लीलावती हास्पिटल के निकट स्थित यशवंतराव चव्हाण सभागार में आहूत की गई बैठक में जिस प्रकार से पार्टी के आम कार्यकर्ता गण की भारी भीड़ जुटी और उनके द्वारा मुखर होकर शरद पवार के समर्थन में जो हुंकार भरी है और जिस तरह राकांपा सांसदों की बहुसंख्या सहित पार्टी के 18 विधायकों की भी उपस्थित रही तथा पार्टी के विधायकों की संख्या भी उससे कहीं अधिक रही, जिसकी आशंका कल तक बताई जा रही थी जिसके चलते अब यह भी पूरी तरह से साफ हो गया है कि अजीत पंवार के पास पार्टी के दो तिहाई विधायकों का समर्थन वास्तविक रूप से कदापि भी प्राप्त नहीं है। जिसकी न्यूनतम संख्या पार्टी के महाराष्ट्र विधानसभा के कुल 53 विधायकों के आधार पर 36 होती है। केन्द्र, राज्य सरकार और केंद्रीय एजेंसियों के सारे प्रयासों के बावजूद भी विधायकों की दो-तिहाई संख्या को प्राप्त न कर सकना अजीत पंवार की ऐसी असफलता साबित होगी, जिसका खामियाजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को ही अपनी प्रतिष्ठा को और अधिक खोकर भुगतना पडेगा। जो पहले से ही महाराष्ट्र सरकार में अजित पवार को उपमुख्यमंत्री और उनके साथी राकांपा के 08 अन्य विधायकों को कैबिनेट मंत्री बनाकर अपनी सिर्फ एक सप्ताह पहले 27 जून, 2023 को भोपाल में भाजपा के कार्यक्रम मेरा बूथ सबसे मजबूत की रैली में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 70 हजार करोड़ रूपयों से अधिक के सहकारी बैंक, सिंचाई घोटालों में लिप्त होने के कारण उनको जेल की सलाखों के पीछे भेजने की सार्वजनिक हुंकार की सही असलियत आम जनता के सामने आने के बाद पहले से ही समाप्त प्रायः हो चुकी है और उनके शब्दों का विश्वास आम आदमी के बीच पूरी तरह से समाप्त होकर उसे मजाक का विषय तक बनाया जाने लगा है। अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के पूर्व भाजपा-शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) की राज्य सरकार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सदस्य के रूप में स्वयं के साथ 42 विधायकों के समर्थन का पत्र उन सभी विधायकों के शपथ पत्रों सहित राज्यपाल को सौंपा था, उसका किसी भी प्रकार का कोई भौतिक परीक्षण किये बिना ही राज्यपाल द्वारा उसे स्वीकार किया जाना भी किसी प्रकार से उचित नहीं कहा जा सकता है और उनके द्वारा केन्द्र सरकार के इशारे पर ही ऐसा किया जाना स्वतः दृष्टिगोचर है। जिसे लोकतांत्रिक रूप से कदापि उचित नहीं माना जा सकता है। विशेष रूप से महाराष्ट्र के मामले में ही पिछले दिनों उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ द्वारा दिये गये निर्णय के आलोक में। जिसमें यह विधि सिद्धांत भी प्रतिपादित किया गया है कि किसी भी राजनीतिक दल के मुखिया को ही दल का प्रमुख माना जायेगा और उनके द्वारा नियुक्त किये गये विधायक दल नेता और मुख्य सचेतक को विधानसभा अध्यक्ष को मान्यता देनी होगी। विधानमंडल दल के नेता को उनकी नियुक्ति के अधिकार कतई नहीं होंगें। इसी प्रकार से राज्यपाल के बिना भौतिक परीक्षण के किसी भी संख्या को स्वयं का समर्थक बताये जाने को स्वीकार किया जाना भी पूर्ण अनौचित्य पूर्ण है। जिसको स्वीकार किये जाने का कोई भी वास्तविक विधिक आधार कदापि नहीं है। महाराष्ट्र की सत्ता संभालने के एक वर्ष उपरांत भी जिस प्रकार से एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली भाजपा-शिवसेना सरकार जिस प्रकार से आमजन का विश्वास प्राप्त कर सकने में पूरी तरह से असफल रही है और मुंबई वृहन्न नगर निगम, ठाणे, पिंपरी-चिंचवाड, नागपुर आदि देश के सबसे बडे स्थानीय निकायों के चुनाव कराने का भी साहस उत्पन्न नहीं कर सकी और विधानसभा के जो भी उपचुनाव अब तक हुए हैं, उनमें भी भाजपा-शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) को पराजय का पराजय का सामना करना पडा है, उससे सह सच पूरी तरह से उजागर हो गया है, कि आमजन का उनको कोई समर्थन प्राप्त नहीं है। इसका नुकसान अंतिम रूप से आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा को उठाना पडेगा। जो अपनी राजनीतिक प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता को पूरी तरह से खोने की ओर अग्रसर है। उमाशंकर पटवा, संपादक.

**मेरी जुबान**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक जयकिशोर वर्मा द्वारा जीवनदीप प्रिन्टर्स, जोड़ी बंगला, लखीमपुर खीरी से मुद्रित एवं "मेरी जुबान" हिन्दी दैनिक कार्यालय जिला पंचायत प्रागण गेट नं. 02, लखीमपुर खीरी-262701 उ.प्र से प्रकाशित
मो.99199596972
E-mail : merijuban@gmail.com
Website : www.merijuban.com
संपादकः उमाशंकर पटवा
मो. 9411081671

# खालिस्तानियों की सुनियोजित साजिश

कनाडा, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका में खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथियों ने जिस तरह से भारतीय दूतावासों, हिन्दू धर्मस्थलों को लगातार निशाना बनाया, वह एक सुनियोजित अंतर्राष्ट्रीय साजिश ही दिखाई देती है। हमलों की ताजा नई घटना में अमेरिका के सैनफ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास को आग लगाई गई। इसकी जिम्मेदारी भी खालिस्तान समर्थक संगठन ने ली है। सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख आतंकी पतवंत सिंह पन्नू ने 8 जुलाई से भारतीय दूतावासों को घेरने का ऐलान किया हुआ है। खालिस्तान समर्थकों ने भारतीय दूतावास को निशाना बनाए जाने का वीडियो जारी किया है जिसमें पिछले माह कनाडा में मारे गए आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का बदला बताया गया है। निज्जर खालिस्तान टाइगर फोर्स के साथ जुड़ा हुआ था और कनाडा में सिख फॉर जस्टिस की गतिविधियां देख रहा था। कनाडा में भारतीय दूतावास के बाहर तिरंगे का अपमान भी निज्जर ने ही किया था। सैनफ्रांसिस्को में भारतीय दूतावास पर मार्च महीने में भी हमाला हुआ था। पंजाब में खालिस्तान समर्थक वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही पर खालिस्तानी भारतीय दूतावास के बाहर इकट्ठे हुए थे और उन्होंने तोड़फोड़ के बाद लगा तिरंगा उखाड़ दिया था। यही नहीं दूतावास की बिल्डिंग के बाहर खालिस्तान का झंडा भी लगा दिया था। कनाडा में जिस तरह से भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाया गया और उन्हें धमकियां दी गई उस पर भारत ने कड़ा प्रोटेस्ट जताया है। कनाडा में हाल ही में सिख फॉर जस्टिस के बैनर तले कुछ पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों में भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा और टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूत अपूर्वा श्रीवास्तव पर खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया गया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया को कहा है कि वे खालिस्तानियों को जगह न दे क्योंकि इनके जैसी कट्टरपंथी विचारधाराएं उनके रिश्तों के लिए अच्छी नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं कि पंजाब में खालिस्तान आंदोलन का कोई प्रभाव नहीं है लेकिन विदेशों में शरण लिए बैठे खालिस्तानी तत्व फिर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि बिगाड़ने और खालिस्तान के विचार को फिर से जीवित करने की कोशिशों में लगे हुए हैं। जो लोग विदेशों में खालिस्तान आंदोलन के लिए खून बहाने का दावा करते हैं वे केवल अपने स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं न कि अपने समुदाय की जिनकी रक्षा का वे दावा करते हैं। जो पंजाबी विदेशों में बसे हैं वे किसी न किसी तरह अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। सिखों से ज्यादतियां होने का भ्रामक प्रचार कर उन्हें बरगलाया जा रहा है। कौन नहीं जानता कि भारत के दुश्मन एक-एक कर के आपस में ही निपट रहे हैं। पिछले महीने ही इंग्लैंड में खालिस्तान समर्थक अवतार सिंह खांडा की मौत हुई। हालांकि उसकी मौत को लेकर भी कई सवाल खड़े किए गए है। यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है कि कट्घ्टरपंथी तत्वों का इस्तेमाल कर पाकिस्तान की खुफिया एजैंसी या तो उनको खघ्त्म कर देती है या फिर उन्हें हाशिये पर धकेल देती है। मई में पाकिस्तान में खालिस्तानी आतंकी परमजीत सिंह पंजवड़ की भी मौत हो चुकी है। विदशों में बैठे खालिस्तान समर्थक भारत के लिए चुनौती बन चुके हैं। पश्चिमी लोकतांत्रिक देशों को अड्डा बनाकर उग्रवादी प्रचार, वित्तीय अनुदान और हिंसक गतिविधियों को तेज करके पंजाब में दोबारा नफरत की आग को लगाने की कुचेष्टा हो रही है। समस्या केवल यह नहीं है कि खालिस्तानी अतिवादियों को उदार पश्चिमी देशों में शरण मिल रही है, बल्कि यह भी है कि वहां की सरकारें इस खतरे की अनदेखी करने में लगी हैं। इस पूरे फसाद की जड़ वही पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई है जो दशकों से विदेशी धरती पर खालिस्तान समर्थकों को तैयार करने में सक्रिय रही है। यह मामला गिने-चुने सिरफिरे खालिस्तानी कट्टरपंथियों का नहीं, बल्कि भारत के विरुद्ध एक बड़े विदेशी षड्यंत्र का है।कौन नहीं जानता कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने वोट बैंक के खातिर खालिस्तानी तत्वों को खुली छूट दे रखी है। कौन नहीं जानता कि लंदन और अमेघ्रिका के गुरुद्वारों में खालिस्तान समर्थकों की ओर से भारत में हिंसक कार्यवाहियों के लिए डॉलर इकट्ठे किए जाते हैं। पंजाब को भारतीय कब्जे से मुक्त कराने के नाम पर जनमत संग्रह करवाए जाते हैं। समस्या यह भी है कि खालिस्तानी तत्वों की सांठगांठ पाकिस्तान संगठनों के साथ भी है। यह सब घटनाएं भारत की संप्रभुता एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पर आघात का खतरनाक षड्यंत्र है। भारत के अमेरिका और अन्य देशों से संबंध काफी मैत्रीपूर्ण हैं लेकिन हमें इन देशों पर भारत विरोधी तत्वों पर संयुक्त कार्यवाही के लिए दबाव बनाना होगा। भारत को न केवल खालिस्तानी तत्वों को अलग-थलग करना है। साथ ही साथ पाकिस्तानी संगठनों पर अंकुश लगाने की कार्यवाही करनी होगी। बेलगाम खालिस्तानी तत्वों पर लगाम लगाना ही भारतीय कूटनीति की अग्नि परीक्षा होगी।




## देश के प्रति प्रेम और समर्पण की परिणती राष्ट्रवाद,इसे धर्म,सम्प्रदाय से ना जोड़ा जाय

राष्ट्रवाद बडा ही व्यापक व गहरा शब्द है राष्ट्रवाद की कोई सार्वभौमिक ,सर्वसम्मति से निर्धारित परिभाषा नही की जा सकती है। समेकित रूप से राष्ट्रवाद एक सामूहिक मातृभूमि के लिए गहरी आस्था का नाम है,जहां नागरिक स्वयं को एक साझा इतिहास, परंपरा, जातीयता, संस्कृति एवं भाषा इत्यादि के आधार पर एकत्र मानते हैं। और एक होने की भावना अन्य सभी तत्वों कारको से अधिक प्रभावशाली और राष्ट्रीय निष्ठा सभी अस्मिताओं से ऊपर तथा श्रेष्ठ होती है। देश के विकास, समृद्धि और आर्थिक क्षेत्र की तथा सामरिक विदेशी शक्ति के विरुद्ध मातृभूमि की रक्षा भी राष्ट्रवाद का एक प्रमुख घटक माना जाता है। पर राष्ट्रवाद को किसी भी स्थिति परिस्थिति में धर्म या जाति से कतई ना जोड़ा जाए, राष्ट्रवाद सार्वभौमिक रूप से जातीय संगठन और धर्म से बहुत ऊपर होता है। राष्ट्रवाद या राष्ट्रप्रेम के अंतर्गत किसी व्यक्ति विशेष के प्रति आस्था समाहित नहीं होती। राष्ट्रीयता की भावना में देश के प्रति लगन भक्ति तथा समर्पण ही राष्ट्रवाद को जन्म देता है, और राष्ट्रवाद के अंतर्गत धर्म, जाति, वर्ग विभेद राजनीतिक विचारधारा नही होती है।राष्ट्रवाद की अनेक विचारको ने राष्ट्रवाद को राष्ट्र के अंदर राजनीतिक तथा आर्थिक संदर्भों से जोड़ा है। इतिहास के प्रमुख विचारक ष्बेनेडिक्ट एंडरसनष्ने कहा है कि राष्ट्रवाद को राजनीतिक विचारधारा से जोड़ने के बजाए उसे सांस्कृतिक विचारधारा से जोड़ा जाना चाहिए। राष्ट्रप्रेम को सामूहिक जन के एकीकरण तथा राष्ट्रीय चेतना के विकास को प्रबल करने की एक जन धारा माना गया है। राष्ट्रप्रेम से स्पष्ट हो जाता है की राष्ट्रीय चेतना एवं सामुदायिकता को एक सूत्र में पिरोने का काम राष्ट्रवाद ही कर सकता है। राष्ट्रवाद की अवधारणा स्वतंत्रता के पूर्व स्वतंत्रता के लिए सभी वर्गों का एकजुट हो जाना तथा वर्ग भेद को मिटाना एवं आपस में आर्थिक सहयोग कर राष्ट्र की अस्मिता को जीवित या पुनर्जीवित करने का कार्य ने ही राष्ट्रप्रेम तथा राष्ट्रवाद को जन्म दिया है। राष्ट्र के रूप में भारत मैं विविध भाषाओं अनेक धर्मों अनेक जाती और प्रांतों का समूह है। भारत में राष्ट्रवाद के अंतर्गत राष्ट्र की अपनी एक विशिष्ट अवधारणा विकसित की जिसमें बहुजातीयता, धर्मनिरपेक्षता और सहिष्णुता जैसे मूल्यों को सहेज कर भारतीय राष्ट्रवाद को जन्म दिया है,जोकि अत्यंत गौरवशाली एवं महत्वपूर्ण है। राष्ट्रप्रेम में व्यक्तिगत या सामूहिक देश के प्रति भक्ति न्योछावर और अपने व्यक्तिगत हितों से बढ़कर राष्ट्रीय चरित्र निर्माण को ही सम्मिलित किया गया हैं, जिससे राष्ट्र दृढ़, समृद्ध और विकासशील होता है। जिससे राष्ट्रीय संपत्ति सीमाओं और विदेशी आक्रमण के समय राष्ट्र की रक्षा प्रमुख तत्व होते हैं। भारत एक स्वतंत्र लोकतांत्रिक, प्रजातांत्रिक देश है। राष्ट्रवाद पर राष्ट्रप्रेम भारत के संदर्भ में और गहरा तथा महत्वपूर्ण इसी लिए भी है कि भारत में विभिन्न समुदाय, जाति, धर्म और बोली के लोग निवासरत हैं, एवं भारत के परंपरागत दुश्मन भी युद्ध के लिए घात लगाए बैठे हैं, ऐसे में भारत को विशाल जनसंख्या तथा देश के अंदर फैले बहुत बड़े भूभाग की रक्षा के लिए राष्ट्रवाद जैसी अवधारणा को मजबूत किए जाने की अत्यंत आवश्यकता है। ऐसे में भारत के लिए राष्ट्रवाद एक अमोघ अस्त्र की तरह आमजन को एक सूत्र में बांधे रखने देश के प्रति निष्ठा रखने और विपरीत परिस्थितियों में एकजुट होने की प्रेरणा देने के लिए राष्ट्रवाद और राष्ट्रप्रेम की बहुत ज्यादा आवश्यकता होगी। वैसे तो भारत का इतिहास अनेक महापुरुषों,बड़े-बड़े सम्राटों और योद्धाओं की राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण है। पूंजीवाद,मार्क्सवाद और राष्ट्रप्रेम के प्रति पश्चिम के विद्वानों की राय और अवधारणाएं अलग-अलग हैं । यूरोपीय विचारकों के अनुसार राष्ट्रप्रेम के कई ऋणात्मक पहलू भी है, भारत राष्ट्र के संदर्भ में राष्ट्रवाद, राष्ट्रप्रेम को सकारात्मक रूप से लेना चाहिए।

## सामाजिक न्याय (आरक्षण) सम्बन्धी बेहद संवेदनशील और गंभीर विषय



**इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर पद हेतु होने वाले साक्षात्कार की श्रेणी वार जारी कट ऑफ सूची**

**अनारक्षित या सामान्य वर्ग : 141.5**
**अनुसूचित जाति : 237.5**
**ओ.बी.सी. : 270.5**

आरक्षित श्रेणी (एससी और ओबीसी) के सामाजिक न्याय की आरक्षण व्यवस्था के जानकारों और जिम्मेदारों से जानना चाहता हूँ कि उपरोक्त जारी सूची बनाने में मनुवादियों ने किस तरह की दिमागी गणित लगायी है? आरक्षण व्यवस्था लागू करने में सुनिश्चित है कि अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों की कट ऑफ के बराबर या उससे कम/नीचे अंकों से आरक्षित वर्ग (एससी और ओबीसी) के अभ्यर्थियों की सूची शुरू होती है और निर्धारित न्यूनतम योग्यता अंक तक जाती है। अनारक्षित या सामान्य वर्ग की सूची में अनारक्षित और आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों में बिना भेदभाव किये कुल 50 प्रतिशत अनारक्षित रिक्त पदों पर अनारक्षित वर्ग के 50 प्रतिशत पदों के लिए सूची जारी की जाती है, अर्थात अनारक्षित वर्ग की सूची विशुद्ध रूप से मेरिट के आधार पर बनाये जाने की व्यवस्था है जिसमें अभ्यर्थियों की विशुद्ध मेरिट क्रमांक के आधार पर अनारक्षित और आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी शामिल किए जाते हैं। इसके बाद आरक्षित वर्ग (एससी 21 प्रतिशत और ओबीसी 27 प्रतिशत) के अभ्यर्थियों की अलग-अलग उनकी मेरिट क्रमांक के आधार पर निर्धारित न्यूनतम योग्यता अंक तक बनाई जाती है। आरक्षण विरोधी शातिर शक्तियों द्वारा उपरोक्त जारी सूची में जिस फामूर्ले को प्रयोग कर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षण से वंचित करने की जो साजिश रची है, उस साजिश को आरक्षित वर्ग के कितने जागरूक और जिम्मेदार लोग समझ रहे हैं, वे मुझसे संपर्क और संवाद कर सकते हैं। जो इस साजिश को नहीं समझ पा रहे हैं, ऐसे जिज्ञासु विशेषकर मुझसे संपर्क और संवाद स्थापित कर इसमें छिपी साजिश को समझने का कष्ट करें। गलत तरीके से आरक्षण लागू करने और निजीकरण से आरक्षित वर्ग के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। उपरोक्त सूची तैयार कर आरक्षण लागू करने में आरक्षण विरोधियों द्वारा एक अत्याधुनिक तकनीक को ईजाद किया गया है जिससे आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को उनके निर्धारित आरक्षण प्रतिशत की सीमा तक समेटा जा सके। 69000 प्राथमिक शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग के लगभग 19000 पदों के आरक्षण को अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को दे दिया गया है जिसमें मा. उच्च न्यायालय ने निर्णय देकर यूपी सरकार को 50 प्रतिशत आरक्षण देते हुए 69000 पदों की संशोधित सूची जारी करने का निर्देश भी दिया है, लेकिन राज्य सरकार आज तक संशोधित सूची जारी नहीं कर पाई है। आरक्षित वर्ग के लगभग 19000 पदों पर अनारक्षित/सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी नौकरी कर प्रति माह लगभग 50000 रुपये वेतन (कुल 95 करोड़ रुपए प्रति माह) पाकर अपनी अर्थव्यवस्था मजबूत कर रहे हैं और आरक्षित वर्ग के वंचित अभ्यर्थी अपने हक के लिए सरकार,सड़क और कोर्ट कचहरी में भिखारियों की तरह गिड़गिड़ा रहे हैं और इस आरक्षण महाघोटाले पर सामाजिक न्याय की राजनीति करने वाले दल पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं। आरक्षित वर्ग के जागरूक और संवेदनशील नागरिकों को आरक्षण विरोधी सरकारों को सत्ता से बेदखल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहिए।

सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर नन्द लाल वर्मा, मोबाइल नंबर : 9415461224, लखीमपुर-खीरी।




मेषः- महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

वृषभः- परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर मिलेंगे।

मिथुनः- मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में संतुष्ट व तृप्त रहने का प्रयत्न करें। रोजगार में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे। आलस्य कतई न करें।

कर्कः- बीती बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा। आकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

सिंहः- नौकरी का वातावरण सुखद होगा। भावनात्मक समस्याओं पर सगे-संबंधियों के बीच खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। रोजगार क्षेत्र में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी।

कन्याः- महत्वपूर्ण कायरें को कल पर न टालें। नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट संभव।

तुलाः- निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परिवार में खुशहाली स्थिति रहेगी।

वृश्चिकः- अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। जरूरी कायरे में आलस्य न करें। किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

धनुः- सगे-संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कायरे द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

मकरः- विभागीय परिवर्तन से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लायें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। गुप्त विरोधियों से सतर्क रहें।

कुंभः- राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कायरे के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। आलस्य कतई न करें।

मीनः- किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। महत्वपूर्ण योजनाओं की पूर्ति हेतु तत्पर होंगे।

# डायबिटीज रोगी ध्यान दें, इस मौसम में बढ़ सकती हैं आपकी दिक्कतें



बरसात का यह मौसम हमारी सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण माना जाता है। मानसून अपने साथ कई तरह की बीमारियां भी लेकर आता है, इसमें सबसे ज्यादा खतरा उन लोगों के लिए होता है जो पहले से ही कई तरह की बीमारियों के शिकार हैं। ऐसे में जो लोग डायबिटीज के शिकार हैं उन्हें इस मौसम में सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता होती है। बरसात का मौसम अपने साथ संक्रमण लेकर आता है और डायबिटीज के मरीज पहले से ही संक्रामक बीमारियों के प्रति बेहद संवेदनशील माने जाते हैं। डॉक्टर कहते हैं, जैसे-जैसे मौसम बदलता है, मधुमेह के मरीजों के लिए खतरा बढ़ जाता है। तापमान में उतार-चढ़ाव, प्रदूषण और दूषित जल-जनित बीमारियों का जोखिम अधिक हो सकता है। इसलिए जरूरी है कि आप ब्लड शुगर को नियंत्रित रखें और मानसून में होने वाली बीमारियों से बचाव करते रहें।

**संक्रामक बीमारियों से करें बचाव**

बरसात के दिनों में बैक्टीरिया और वायरस के कारण संक्रमण होने का खतरा अन्य मौसमों की तुलना में अधिक होता है। ऐसे में यदि आपका ब्लड शुगर अधिक रहता है तो आपमें संक्रामक रोगों के होने का जोखिम भी अधिक हो सकता है। वातावरण में नमी के कारण, फंगल संक्रमण और त्वचा में होने वाली समस्याएं जैसे दाद, त्वचा पर चकत्ते और जलन का खतरा अधिक रहता है। चूंकि डायबिटीज रोगियों में पहले से ही इम्युनिटी की समस्या होती है, ऐसे में आपमें इन संक्रामक रोगों को ठीक होने में भी अधिक समय लग सकता है। इसलिए बचाव करते रहना बहुत जरूरी है।

**पैरों में संक्रमण का खतरा**

मधुमेह से पीड़ित लोगों में पैरों में संक्रमण और अल्सर होने का खतरा अधिक होता है। यदि इसका इलाज नहीं किया जाता है या यदि संक्रमण लंबे समय तक रहता है, तो यह डायबिटिक न्यूरोपैथी नामक स्थिति को जन्म दे सकती है। डायबिटिक रोगियों में डायबिटिक फूट की समस्या भी हो सकती है, जिसमें पैरों में स्किन डेड होने लग जाती है और संक्रामण के साथ अल्सर जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा रहता है।

**डेंगू का जोखिम हो सकता है अधिक**

चूंकि मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, रक्त वाहिकाएं नाजुक हो जाती हैं और रक्तस्राव का खतरा अधिक होता है, इसलिए ऐसे रोगियों में डेंगू के लक्षण गंभीर हो सकते हैं। डायबिटीज रोगियों में डेंगू की स्थिति में इंटरनल ब्लीडिंग का जोखिम अधिक देखा जाता रहा है, इसके अलावा ऐसे रोगियों में रिकवरी का समय भी अधिक हो सकता है। यही कारण है कि मधुमेह के शिकार लोगों को मच्छर जनित रोगों से बचाव को लेकर भी अलर्ट रहना चाहिए।

**ऐसे रखें सेहत का ख्याल**

बरसात के मौसम आपको सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहना चाहिए। इसके अलावा रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाले उपाय करते रहना बहुत आवश्यक है जिससे संक्रामक रोगों के जोखिम को कम किया जा सके।

स्वस्थ आहार का पालन करें, आहार में फलों-सब्जियों, इम्युनिटी बढ़ाने वाले मसालों को शामिल करें।

अच्छी गुणवत्ता वाले जूते पहनें, जिससे पैरों में संक्रमण के जोखिम को कम किया जा सके।

बाहर का खाना खाने से बचें, इससे पेट में संक्रमण या टाइफाइड जैसी बीमारियों का खतरा रहता है।

मच्छरों से बचाव करें, पूरी आस्तीन के या शरीर को अच्छे से ढकने वाले कपड़े पहनें।

नियमित व्यायाम जरूर करें और शरीर को हाइड्रेट रखें।

## ऐसे जानें, बढ़ तो नहीं गया है आपका स्क्रीन टाइम? यह आंखों ही नहीं पूरे शरीर के लिए नुकसानदायक

स्क्रीन टाइम बढ़ने को स्वास्थ्य विशेषज्ञ कई प्रकार से हमारी सेहत के लिए हानिकारक दुष्प्रभावों वाला मानते हैं। स्क्रीन टाइम बढ़ने का मतलब-मोबाइल, कंप्यूटर या टीवी जैसी स्क्रीन को देखते समय बिताया जाने वाला अधिक समय होता है। यह न सिर्फ आंखों के लिए नुकसानदायक है साथ ही



अध्ययनों में पाया गया है कि जिन लोगों को स्क्रीन टाइम अधिक है, उनमें मस्तिष्क से संबंधित समस्या, मोटापा और कई तरह की अन्य क्रोनिक बीमारियों का खतरा अधिक हो सकता है। डॉक्टर कहते हैं, आधुनिक युग में डिजिटल उपकरण हमारे दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हो गए हैं। जितना अधिक हम अपने आप को स्क्रीन्स के संपर्क में रखते हैं, इससे उतना ही नुकसान होने का खतरा हो सकता है। विशेष चिंता का विषय, बच्चों में बढ़ता स्क्रीन टाइम है जिससे न सिर्फ उनमें मायोपिया जैसे आंखों की समस्याएं बढ़ी हैं साथ ही इसका मस्तिष्क की सेहत पर भी दुष्प्रभाव देखा जा रहा है।

**स्क्रीन टाइम बढ़ने के कई नुकसान**

से बातचीत में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत सहगल कहते हैं, वैश्विक स्तर पर बढ़ती आंखों की कई बीमारियों जैसे मायोपिया, ड्राई आइज, विजन सिंड्रोम आदि के लिए स्क्रीन टाइम बढ़ने को प्रमुख जोखिम कारक माना जाता रहा है। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी को आंखों की सेहत के लिए बहुत खतरनाक माना जाता है। यहां ध्यान देने वाली बात यह भी है कि स्क्रीन टाइम आंखों की समस्याओं के साथ शारीरिक निष्क्रियता और इसके कारण होने वाले मोटापे, नींद विकार, मस्तिष्क से संबंधी समस्याओं को भी बढ़ा रही है। आइए जानते हैं कि कैसे पता कर सकते हैं कि कहीं आपका भी स्क्रीन टाइम बढ़ तो नहीं गया है? अगर ये लक्षण दिख रहे हैं तो तुरंत सावधान हो जाएं।

**आंखों से संबंधित दिक्कतें**

स्क्रीन टाइम बढ़ने का सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव आंखों की सेहत पर होता है। बच्चों में चश्मा लगने का एक कारण इसे भी माना जाता है। यदि आपको दूर की वस्तुएं धुंधली दिखाई दे रही हैं।

## चश्मा लगाने से चेहरे पर पड़ गए हैं निशान तो करें इन चीजों का इस्तेमाल, मिलेगी दमकती त्वचा

एक समय था, जब एक उम्र के बाद ही आंखों पर चश्मा लगता था। उसकी वजह थी, अच्छा खानपान और व्यवस्थित लाइफस्टाइल लेकिन आज समय बदल गया है। आज के वक्त में बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल और बाहर के उल्टे-सीधे खाने की वजह से लोगों की आंखों पर सीधा असर पड़ रहा है।



इसके साथ ही लगातार मोबाइल चलाने की वजह से आंखों दृष्टि और ज्यादा कमजोर होती जा रही है। मोबाइल से निकलने वाली किरणों की वजह से कम उम्र में ही बच्चों की नजर कमजोर हो रही है, जिसके चलते छोटी उम्र में ही बच्चे चश्मा लगाने के लिए मजबूर हो जाते हैं। जब चश्मा लगातार लगाना पड़ता है तो उससे चेहरे पर निशान पड़ने लगते हैं। एक समय के बाद ये निशान काफी भद्दे लगने लगते हैं। ऐसे में आज हम आपको इन निशानों को मिटाने के कुछ घरेलू तरीके बताने जा रहे हैं ताकि आप भी घर बैठे चेहरे के इन निशानों से छुटकारा पा सके।

**आलू**

चश्मे से होने वाले इन निशानों को हटाने के लिए आपको बस कच्चे आलू की जरूरत होगी। इसके इस्तेमाल के लिए एक कच्चे आलू को पीस कर रस निकाल लें। इस रस को कॉटन बॉल से निशान वाली जगह पर अप्लाई करें। कुछ ही दिनों में आपको फायदा जरूर मिलेगा।

**खीरा**

चश्मे का निशान हटाने के लिए खीरे का रस काफी फायदेमंद होता है। आपको बस खीरे का रस निकाल कर उंगली से इसे निशान पर लगाना है।

**गुलाब जल**

स्किन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में गुलाब जल काफी मदद करता है। इसके इस्तेमाल से आप अपने चेहरे पर चश्मे से हुए निशान को हटा सकती हैं। इसके लिए आपको बस रोज सोने से पहले कॉटन बॉल को गुलाब जल में भिगो कर आधे घंटे के लिए चेहरे के निशान पर रखना है।

**संतरे का छिलका**

संतरे के छिलके के पेस्ट में कुछ बूंदे गुलाब जल की मिलाकर आप इसे निशान पर अप्लाई करें। कुछ ही दिन में आपको फायदा दिखने लगेगा।

**टमाटर का रस**

चेहरे पर ग्लो लाने के लिए टमाटर का रस काफी फायदा करता है। आप इसकी मदद से चेहरे पर पड़े निशान को भी हटा सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस टमाटर का जूस निशान वाली जगह पर अप्लाई करके आधा घंटे के लिए छोड़ना है।

**एलोवेरा**

अगर आपके चेहरे पर कई तरह की परेशानियां हैं तो रोजाना रात को सोने से पहले एलोवेरा जेल को कॉटन बॉल में लेकर इसे निशान वाली जगह पर अप्लाई करें। कुछ ही दिन में चेहरे के निशान गायब हो जाएंगे।

## बारिश के मौसम में भी दिखाना है जलवा तो लगाएं इन रंगों की लिपस्टिक



हर महिला की जिंदगी में मेकअप का काफी अहम रोल होता है। अगर सबसे जरूरी मेकअप की बात करें तो लिपस्टिक एक ऐसी चीज है, जिसका इस्तेमाल हर उम्र की महिला करती है। चाहे वह टीनएजर हो या फिर बढ़ती उम्र की महिला, लिपस्टिक का इस्तेमाल हर कोई करता है। जिस तरह से गर्मी और सर्दी के मौसम के लिए हम अलग तरीके की लिपस्टिक का चयन करते हैं, ठीक उसी तरह से बारिश के मौसम में भी लिपस्टिक के शेड का चयन करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। दरअसल, बारिश के मौसम में उमस काफी ज्यादा हो जाती है, जिस वजह से चेहरे पर पसीना आता रहता है। ऐसे में अगर आप गलत रंग की लिपस्टिक लगाएंगी तो ये आपके लुक को खराब कर सकती है। ज्यादातर महिलाओं को यह पता ही नहीं होता कि बारिश के मौसम में वह किस रंग की लिपस्टिक लगा सकती हैं। इसी के चलते आज हम आपको इन रंगों के बारे में बताएंगे जिन्हें आप मौसम के हिसाब से लगाकर अपना जलवा दिखा सकती हैं।

**रोज पिंक**

रोज पिंक रंग हर महिला का सबसे पसंदीदा रंग होता है। इस रंग को लगाने से आपकी उम्र भी कम लगेगी। बारिश के मौसम में ये रंग आपके लुक को और खूबसूरत बनाएगा।

**बेरी टोन**

बारिश के मौसम में बेरी टोन रंग की लिपस्टिक बेहद प्यारी लगती है। ये हर तरह की स्किन टोन पर जचती है।

**मोव शेड**

अगर आपको गुलाबी और पर्पल रंग की लिपस्टिक काफी पसंद है तो आप मोव शेड ट्राई कर सकती हैं। ये देखने में काफी ज्यादा प्यारा लगता है। बारिश में ये आपको खूबसूरत बनाने में मदद करेगा।

**न्यूड**

अगर आपको डार्क रंग के शेड नहीं पसंद हैं तो न्यूड शेड आपके लिए सबसे परफेक्ट हैं। बारिश में ये और ज्यादा परफेक्ट लगते हैं।

**कोरल शेड**

अगर बारिश के मौसम में आप चाहती हैं कि आपकी उम्र कम दिखे तो कोरल शेड को ट्राई कीजिए। ये देखने में काफी क्लासी लगते हैं।

## अगर छोटी है आपकी आंखें तो इस तरह से करें मेकअप

रोजाना की जिंदगी में महिलाएं मेकअप करना काफी पसंद करती हैं। चाहे बाजार जाना हो या ऑफिस, हल्का सा मेकअप लगाए बिना महिलाएं कहीं जाना पसंद नहीं करतीं। हल्का सा मेकअप आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देता है, पर मेकअप करते समय की जाने वाली छोटी सी गलती की वजह से आपका लुक खराब हो सकता है। जैसे कि महिलाओं को काजल और आई लाइनर लगाने का काफी शौक होता है। इसे लगाने से आंखें खूबसूरत दिखती हैं लेकिन क्या आप जानती हैं कि अगर आई मेकअप गलत तरीके से



किया जाए तो आप का लुक बिगड़ सकता है। छोटी आंख वाली महिलाएं अक्सर मोटा आई लाइनर और काजल लगाती है, जिस वजह से उनकी आंखें सुंदर दिखने की बजाय अजीब लगने लगती हैं। दरअसल आज हम आपको उन महिलाओं के लिए कुछ ट्रिक्स बताने जा रहे हैं, जिनकी आंखें छोटी हैं। इन ट्रिक्स को अपनाकर आपकी आंखें और ज्यादा खूबसूरत दिखेंगी।

**कैसे लगाएं आईलाइनर**

अक्सर आपने देखा होगा कि छोटी आंख वाली महिलाएं मोटा-मोटा आई लाइनर लगा लेती हैं। उन्हें लगता है कि मोटा आई लाइनर लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं है। अगर आप अपनी आंखों को आकर्षित दिखाना चाहती हैं तो कोशिश करें यह विंग्ड आईलाइनर हो। मोटा आईलाइनर आपके लुक को खराब कर सकता है। अपने ड्रेसअप के हिसाब से ही विंग्ड आई लाइनर लगाएं।

**काजल**

ऐसा माना जाता है कि काजल लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं, पर अगर आप सही तरीके से काजल नहीं लगाएंगी तो आपका लुक खराब दिखेगा। इतना ही नहीं ऐसा करने से आपकी आंखें भी अजीब दिखेंगी। अगर आपकी आंखें छोटी हैं तो हमेशा वॉटर लाइन पर ही काजल लगाएं। इससे आपकी आंखें खूबसूरत लगेंगी।

**मस्कारा**

आंखों के मेकअप में मस्कारा का काफी अहम रोल होता है। छोटी आंख वाली महिलाएं इसका इस्तेमाल करते वक्त ध्यान रखें कि आप कम मात्रा में ही मस्कारा का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही बार-बार मस्कारा का कोट ना लगाएं, इससे पूरा लुक बिगड़ सकता है।

**जरूर लगाएं आई बेस**

अपना आई मेकअप शुरू करने से पहले आई बेस जरूर लगाएं। एक तो इसके इस्तेमाल से आपकी आंखें और ज्यादा खूबसूरत दिखेंगी और साथ में इसकी वजह से आपका मेकअप हाईलाइट होगा।

## चॉकलेट से घर पर बनाएं ये स्वादिष्ट पकवान, बच्चों के साथ बड़े भी खाकर करेंगे तारीफ

हर साल 7 जुलाई को विश्व चॉकलेट दिवस मनाया जाता है। चॉकलेट एक ऐसा खाद्य पदार्थ है, जिसका उपयोग खुशी के अवसरों पर मुंह मीठा करने के लिए किया जाता है। आज के समय में तो चॉकलेट को एक मिठाई के रूप में और उपहार के रूप में भी दिया जाने लगा है। वर्ल्ड चॉकलेट डे का इतिहास 1550 से शुरू होता है, जब यूरोप में इससे मीठे पेय पदार्थ बनाया गया। वर्ल्ड



चॉकलेट डे का पहला आयोजन साल 2009 में हुआ था। समय बदलने के साथ-साथ अब बाजार में चॉकलेट के कई रूप उपलब्ध है। आप चाहे तो डार्क चॉकलेट खरीद सकते हैं या फिर आप चॉकलेट केक, चॉकलेट कैंडी या फिर चॉकलेट से बनी कोई और अन्य चीज को किसी को उपहार के रूप में दे सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको चॉकलेट से बनें कुछ पकवानों के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप भी वर्ल्ड चॉकलेट डे के दिन अपने घर में ये डिशेज बनाकर बच्चों को प्रसन्न कर सकें।

**चॉकलेट केक**

बच्चों को केक काफी पसंद होता है। ऐसे में अगर आप चाहें तो विश्व चॉकलेट दिवस के दिन अपने बच्चों के लिए चॉकलेट से बना केक तैयार कर सकती हैं। चॉकलेट केक बच्चों के साथ बड़ों को भी पसंद आता है।

**चॉकलेट पुडिंग**

इस विश्व चॉकलेट दिवस पर आप अपने करीबियों को सिर्फ चॉकलेट खिलाने की बजाए आप उनके लिए चॉकलेट पुडिंग भी बना सकती हैं। ये खाने में काफी स्वादिष्ट लगती है।

**हॉट चॉकलेट**

बच्चों को हॉट चॉकलेट पीना काफी पसंद आता है। इसके बहाने से बच्चे दूध का भी सेवन कर लेते हैं। हॉट चॉकलेट को हॉट कोको या ड्रिंकिंग चॉकलेट के नाम से भी जाना जाता है ।

**चॉकलेट मग केक**

चॉकलेट मग केक की इस रेसिपी को बनाने के लिए आपको सिर्फ 3 चार चीजों की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाना भी बेहद आसान है।


# चैंपियन बना भारत तो स्टेडियम में मौजूद 26000 फैंस ने गाया 'वंदे मातरम'



**बेंगलुरु।** भारतीय टीम ने साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन चैंपियनशिप (SAFF) का खिताब जीत लिया है। बेंगलुरु में हुए फाइनल मैच में भारत ने पेनल्टी शूटआउट में कुवैत को 5-4 से मात दी। निर्धारित 90 मिनट तक दोनों टीमें 1-1 गोल की बराबरी पर रहीं, उसके बाद 30 मिनट के अतिरिक्त समय में भी किसी भी टीम ने गोल नहीं किया। अंत में मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हूआ जिसमें भारत ने 5-4 से जीत हासिल की। भारत की जीत में गोलकीपर गुरप्रीत सिंह ने अहम भूमिका निभाई। चैंपियनशिप में भारतीय टीम शुरूआत से ही शानदार प्रदर्शन कर रही थी, जिसने सभी भारतीय समर्थकों की उम्मीदों को और बढ़ा दिया थी कि टीम यह चैंपियनशिप जरुर जितेगी। सुनील छेत्री पहले ही टीम इंडिया के स्टार हैं, साथ ही आईएसएल में वह बेंगलुरु एफसी के लिए भी खेलते हैं। ऐसे में फैंस बड़ी तादाद में उन्हें देखने और टीम इंडिया को चीयर करने पहुंचे थे। बेंगलुरु के कांतिरावा स्टेडियम में लगभग 26 हजार भारतीय फैंस मौजूद थे जो फाइनल में भारतीय टीम का हौसला बढ़ा रहे थे। जीत के बाद एक ऐसा लम्हा आया जिसने सभी भारतीयों के रोंगटे खड़े कर दिए। कांतिरावा स्टेडियम में आया हर भारतीय गर्व से हमारा राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' गाना शुरू कर दिया। भारत की जीत का यह शोर पूरे मैदान में गूंज रहा था। हर भारतीय के लिए यह एक यादगार लम्हा था। सुनील छेत्री ने भी भारतीय फैंस का साथ दिया और वह भी गर्व से 'वंदे मातरम' गाते दिखे। यह दृश्य देखने लायक था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। एक फैन ने कमेंट में लिखा कि यह वीडियो एक उदाहरण है कि भारतीय फैंस क्रिकेट के अलावा भी दूसरे खेलों को उतने ही जूनून और गर्व से समर्थन करते हैं। इससे पहले ऐसा नजारा किसी क्रिकेट मैच में ही देखने को मिलता था, लेकिन सुनील छेत्री और उनके खिलाड़ियों ने साबित कर दिया है की वह भी निरंतर प्रदर्शन कर भारतीय फैंस का दिल जीत सकते हैं। भारत ने लगातार यह दूसरी चैंपियनशिप जीती है, पिछले महीने हुए इंटरकॉन्टिनेंटल कप को भी भारत ने अपने नाम किया था। भारत का यह नौवां सैफ कप था। इससे पहले टीम 1993, 1997, 1999, 2005, 2009, 2011, 2015 और 2021 में चैंपियन बना था। टूर्नामेंट के 14 साल के इतिहास में भारत नौ बार चैंपियन बना है और चार बार वह उप विजेता रहा। सांसों को थामने वाले रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में गुरप्रीत सिंह संधू ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और कुवैत के कप्तान खालिद अल इब्राहिम का आखिरी शॉट रोक दिया। सडन डेथ में हुआ मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट में दोनों टीमों को पांच-पांच गोल मारने के मौके मिलते हैं। इसमें चूकने वाली टीम मैच हार जाती है। निर्धारित पांच-पांच शॉट के बाद दोनों टीमें चार-चार की बराबरी पर थीं। भारत के लिए उदांता सिंह और कुवैत के मोहम्मद अब्दुल्ला गोल करने से चूक गए थे। चार-चार की बराबरी के बाद सडन डेथ की बारी आई। इसमें जो टीम गोल करने से चूकती है वह सीधे हार जाती है। उसे दूसरा मौका नहीं मिलता है। सडन डेथ में भारत के लिए महेश सिंह ने गोल किया। वहीं, कुवैत के कप्तान खालिद का शॉट भारत के गोलकीपर गुरप्रीत सिंह ने रोक दिया। वह टीम इंडिया के हीरो बन गए। जीत के बाद क्या बोले सुनील छेत्री और गुरप्रीत जीत के बाद सुनील छेत्री ने कहा, सिर्फ यह मैच नहीं बल्कि पूरा टूर्नामेंट शानदार रहा। पूरी टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। मैं इससे ज्यादा उनसे कुछ और नहीं मांग नहीं सकता। हम सात-आठ हफ्तों से एक साथ हैं।

## सेवा क्षेत्र की वृद्धि तीन महीने के निम्नतम स्तर पर, हालांकि मजबूती का माहौल अब भी बरकरार

**नई दिल्ली।** देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर जून में घटकर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गई। हालांकि इस दौरान सेवा प्रदाताओं ने सकारात्मक मांग के रुख का संकेत देना जारी रखा जिसके परिणामस्वरूप नए कारोबार की मात्रा में मजबूत वृद्धि हुई और रोजगार सृजन हुआ। एक मासिक सर्वेक्षण में बुधवार को यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस



एक्टिविटी इंडेक्स मई में 61.2 से गिरकर जून में 58.5 हो गया। सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर के आंकड़े मई से गिरावट के बावजूद विकास की तेज गति के अनुरूप रहे। लगातार 23वें महीने हेडलाइन आंकड़ा न्यूट्रल 50 की सीमा से ऊपर रहा। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का सूचकांक विस्तार को दशार्ता है जबकि 50 से नीचे का स्कोर संकुचन को दशार्ता है। सर्वेक्षण के सदस्यों के अनुसार वृद्धि का माहौल नए व्यवसाय में चल रही वृद्धि, एक स्वस्थ मांग वातावरण और विपणन पहलों के कारण है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में अर्थशास्त्र की सहायक निदेशक पॉलियाना डी लीमा ने कहा, भारतीय सेवाओं की मांग जून में भी बढ़ी है, सभी चार निगरानी वाले उप-क्षेत्रों ने नए व्यापार प्रवाह में तेजी से वृद्धि दर्ज की है। लीमा ने कहा कि वृद्धि की रफ्तार में तेजी से कारोबारी गतिविधियों में तेजी को समर्थन मिला और रोजगार के आंकड़ों में एक और तेजी को प्रोत्साहन मिला। कीमत के मोर्चे पर मिले-जुले रुझान देखने को मिले। इनपुट लागत धीमी दर से बढ़ी जो मोटे तौर पर इसके दीर्घकालिक औसत के साथ संरेखित थी, लेकिन चार्ज मुद्रास्फीति लगभग छह साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। लीमा ने कहा, 'विनिर्माण के साथ निजी क्षेत्र में उत्पादन की कीमतें एक दशक में सबसे तेज गति से बढ़ी हैं।

# पुजारा-सूर्या की टीम इंडिया में वापसी पर नजर



**पश्चिम और मध्य क्षेत्र के बीच सेमीफाइनल मैच जारी**

**एलूर।** दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में पश्चिम क्षेत्र और मध्य क्षेत्र आमने-सामने है। यह मैच अलूर के केएससीए स्टेडियम में खेला जा रहा है। पश्चिम क्षेत्र ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। दोनों टीमें इस प्रकार हैं- मध्य क्षेत्रः विवेक सिंह, हिमांशु मंत्री, अमनदीप खरे, ध्रुव जुरेल, रिंकू सिंह, उपेन्द्र यादव (विकेटकीपर), सारांश जैन, सौरभ कुमार, शिवम मावी (कप्तान), अवेश खान, यश ठाकुर। पश्चिम क्षेत्रः पृथ्वी शॉ, प्रियांक पांचाल (कप्तान), अर्जन नागवासवाला, चिंतन गाजा, हेत पटेल (विकेटकीपर), अतीत शेठ, सरफराज खान, युवराज सिंह डोडिया, सूर्यकुमार यादव, चेतेश्वर पुजारा, धर्मेंद्रसिंह जडेजा। अलावा आक्रामक बल्लेबाजों सरफराज खान और पृथ्वी शॉ भी अपने प्रदर्शन से राष्ट्रीय चयनकताओं को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे। पुजारा को वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टेस्ट दौरे से बाहर कर दिया गया था क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट फाइनल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। दाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यकुमार ने अपना एकमात्र टेस्ट इस साल फरवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। उनके अलावा घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले सरफराज को भी वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए तरजीह नहीं दी गई। सरफराज के वेस्टइंडीज दौरे पर चयन नहीं होने पर उठे थे सवाल पृथ्वी ने हाल में नॉर्थंटनशायर के साथ भी करार किया है और वह इंग्लैंड की अपनी इस काउंटी टीम की ओर से तथा दलीप ट्रॉफी में अच्छे प्रदर्शन से चयनकताओं को प्रभावित करने का प्रयास करेंगे। सरफराज उन चुनिंदा बल्लेबाजों में शामिल हैं जिन्होंने लगातार दो रणजी ट्रॉफी सत्र (2020-21, 2021-22) में 900 से अधिक रन बनाए। यहां तक कि पिछले घरेलू सत्र में उन्होंने 92.66 की औसत से रन बनाए और वेस्टइंडीज दौरे के लिए भारतीय टीम में उनका चयन नहीं होने पर काफी सवाल उठे। लेकिन मैदान के बाहर के बर्ताव और फिटनेस के खराब स्तर ने फिलहाल भारतीय टीम में उनका रास्ता रोका हुआ है। रिंकू सिंह और आवेश बन सकते हैं बाधा पश्चिम क्षेत्र को अगर मैच जीतना है तो उन्हें अलीगढ़ के बल्लेबाज रिंकू सिंह और मध्य प्रदेश के तेज गेंदबाज आवेश खान से बचना होगा। दोनों ही मैच का रुख पलटने का दमखम रखते हैं। वह पश्चिम क्षेत्र की जीत की राह में बाधा बन सकते हैं।

## अजीत अगरकर टीम इंडिया के नए मुख्य चयनकर्ता, वर्ल्ड कप 2023 की टीम चुनने की होगी जिम्मेदारी

**मुंबई।** भारत के पूर्व गेंदबाज अजीत अगरकर सीनियर पुरुष चयनकर्ता समिति के अध्यक्ष बन गये हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को इसकी आधिकारिक पुष्टि की। बोर्ड ने कहा, ₹सुलक्षणा नाइक, अशोक मल्होत्रा ??और जतिन परांजपे की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने पुरुष चयन समिति में एक चयनकर्ता के पद के लिये आवेदकों का साक्षात्कार लिया। तीन सदस्यीय सीएसी ने सर्वसम्मति से उक्त पद के लिये अजीत अगरकर की सिफारिश की है।₹ विज्ञप्ति में कहा गया, ₹समिति ने वरिष्ठता (टेस्ट मैचों की कुल संख्या) के आधार पर पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष की भूमिका के लिये भी अगरकर की सिफारिश की। उल्लेखनीय है कि एक समाचार चैनल के स्टिंग ऑपरेशन के बाद फरवरी में चेतन शर्मा ने मुख्य चयनकर्ता के पद से इस्तीफा दे दिया था। पिछले पांच महीनों से यह पद खाली था। इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाली बीसीसीआई की अधिसूचना के अनुसार, कम से कम सात टेस्ट या 30 प्रथम श्रेणी मैच या 10 एकदिवसीय और 20 प्रथम श्रेणी मैच खेल चुका व्यक्ति ही चयनकर्ता के पद के लिये आवेदन कर सकता था। साथ ही कम से कम पांच साल पहले संन्यास ले चुका व्यक्ति ही आवेदन के लिये पात्र था। अगरकर ने 110 प्रथम श्रेणी, 270 लिस्ट-ए और 62 टी20 मैच खेलने के अलावा 26 टेस्ट, 191 वनडे और चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। वह 2007 में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित उद्घाटन टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी थे। एकदिवसीय क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाये गये सबसे तेज अर्द्धशतक का रिकॉर्ड अब भी अगरकर (21 गेंदें) के पास है।

# बैंक ने CBI से कहा- वीडियोकॉन को नियमों के तहत दिया गया लोन, 3250 करोड़ की ऋण धोखाधड़ी का है मामला

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक ने चंदा कोचर के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को भेजे एक आधिकारिक पत्र में कहा है कि बैंक को उनके फैसले से कोई गलत नुकसान नहीं हुआ है। बता दें कि चंदा कोचर, उनके पति दीपक कोचर और वीडियोकॉन समूह के प्रमोटर वी एन धूत को 3,250 करोड़ रुपये के कथित ऋण धोखाधड़ी घोटाले में आरोपी बनाया गया है और तीनों के नाम सीबीआई की 11,000 पन्नों की चार्जशीट में दर्ज हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आईसीआईसीआई बैंक ने सीबीआई को लिखे एक नोट में कहा कि बोर्ड ने इस बात को दोबारा विचार किया कि कोचर के फैसले से बैंक को कोई गलत नुकसान नहीं हुआ है या नहीं। आखिरकार निष्कर्ष यही निकाला गया है कि वीडियोकॉन की कंपनियों को उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए ऋण मंजूर किया गया था। बैंक ने साथ ही यह भी कहा है कि हालांकि इस बात का इससे कोई संबंध नहीं है कि अपराध किया गया है नहीं। रिपोर्ट के अनुसार बैंक की ओर से बीते 15 मई को सीबीआई की ओर से



भेजे गए नोट में यह बात कही गई थी, जिसे सार्वजनिक नहीं किया गया था। पत्र में कहा गया है, 'यह गौर किया गया कि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) डॉ. अरिजीत पसायत ने भी राय दी है कि अगर निदेशक मंडल चंदा कोचर के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देता है तो उसे विशेष रूप से बैंक का रुख बताना चाहिए जैसा कि भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 17ए के तहत मंजूरी देते समय कहा गया था। आईसीआईसीआई बैंक ने इस मामले में पसायत की राय मांगी थी। इस महीने की शुरूआत में सीबीआई ने अदालत को बताया था कि आईसीआईसीआई बैंक के निदेशक मंडल ने भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत कोचर के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। बैंक ने कहा कि उसने वीडियोकॉन समूह की कंपनियों मिलेनियम अप्लायंसेज इंडिया लिमिटेड, वीडियोकॉन इंटरनेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, स्काई अप्लायंसेज लिमिटेड, टेक्नो इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, एप्लिकॉम्प इंडिया लिमिटेड और वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड को दिए गए सभी छह स्टैंडअलोन लोन पर पूर्व जस्टिस अरिजीत पसायत से राय मांगी थी, जिनकी जांच सीबीआई कर रही है।

## ब्रिटिश मंत्री ने भारत संग मुक्त व्यापार समझौते को जल्द पूरा करने की जताई मंशा

**ब्रिटेन।** ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वाताओं का दौर जल्द से जल्द पूरा करने की मंशा व्यक्त की है। ब्रिटेन ने कहा है कि वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र के बढ़ते बाजारों पर अपना ध्यान फिर से केंद्रित कर रहा है। हालांकि, एफटीए से जुड़े करारों के लिए कोई समयसीमा नहीं तय की गई है। इन करार में सेवा क्षेत्र और निवेश पर समझौता भी शामिल होगा। ब्रिटेन के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री निगेल हडलस्टन ने मीडिया के साथ बातचीत में कहा कि समझौते में आधा काम पूरा हो चुका है और जल्द से जल्द वार्ता को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमने एफटीए को लेकर अच्छी प्रगति की है। हमने समझौते के आधे मसलों पर वार्ता पूरी कर ली है। हम माल और सेवाओं दोनों पर व्यापक समझौता चाहते हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए यह समझौता काफी महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा, 'भारत के साथ इस एफटीए को हम जल्द से जल्द पूरा करना चाहते हैं क्योंकि भारत और ब्रिटेन के बीच मजबूत ऐतिहासिक संबंध है।' ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बीते सप्ताह संकेत दिए थे कि दोनों देशों का लक्ष्य उस महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देना है, जिस एफटीए पर पिछले कुछ वर्षों से काम चल रहा है।

## बढ़ रही राज्यों के कर्ज की लागत, निवेशकों को दे रहे अधिक ब्याज

**नई दिल्ली।** राज्य सरकारों के कर्ज की लागत लगातार बढ़ रही है। उन्हें कर्ज लेने के एवज में निवेशकों को अधिक ब्याज का भुगतान करना पड़ रहा है।?मंगलवार को नौ राज्यों ने नीलामी के जरिये 16,200 करोड़ रुपये के कर्ज जुटाए। इसके लिए ?उन्हें औसतन 7.46 फीसदी ब्याज का भुगतान करना पड़ा।? इक्रा रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने एक नोट में कहा कि मंगलवार को हुई?नीलामी में राज्यों के कर्ज की लागत 0.05 फीसदी बढ़कर 7.46 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई।?इससे पिछले सप्ताह के दौरान राज्यों को कर्ज जुटाने के लिए औसतन 7.41 फीसदी ब्याज का भुगतान करना पड़ रहा था। उन्होंने अपने नोट में कहा कि राज्य सरकारों और केंद्र सरकार के



10 साल की अवधि वाले प्रतिभूतियों पर रिटर्न 0.34 फीसदी से घटकर 0.32 फीसदी रह गया। स्टार्टअप को सुविधा देना चाहती है सरकार नियामक नहीं बनेगी स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सरकार तमाम कोशिशें कर रही है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार स्टार्टअप को सुविधाएं देना चाहती है। नियामक बनने का उसका कोई?इरादा नहीं है।?स्टार्टअप20 शिखर सम्मेलन में गोयल ने कहा, भारत स्टार्टअप की दुनिया को खास मौका दे रहा है। यहां से संदेश जाना चाहिए कि इसमें भाग लेने वाले सभी 22 देशों की संयुक्त प्रतिबद्धता ये है कि सरकारें स्टार्टअप के कार्यों में बाधा नहीं डालेंगी। भारत में एक अरब डॉलर निवेश करेगी ह्यूलेट पैकार्डः वैष्णव अमेरिकी हार्डवेयर विनिमार्ता कंपनी ह्यूलेट पैकार्ड एंटरप्राइजेज (एचपी) सर्वर बनाने के लिए भारत में 4-5 साल में एक अरब डॉलर का निवेश करेगी।?इसके लिए?उसने वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज से शुरूआती करार किया है।

## क्रिकेटर प्रवीण कुमार की गाड़ी को कैंटर ने मारी टक्कर, बेटा भी था साथ

**मेरठ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर प्रवीण कुमार की गाड़ी को मंगलवार देर रात कमिश्नर आवास के नजदीक तेज रफ्तार कैंटर ने टक्कर मार दी। इसमें प्रवीण कुमार बाल-बाल बच गए। सूचना मिलने पर सीओ सिविल लाइन अरविंद चौरसिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। आरोपी कैंटर चालक को मौके पर ही पकड़ लिया गया।



बागपत रोड स्थित मुलतान नगर निवासी क्रिकेटर प्रवीण कुमार मंगलवार रात करीब 10 बजे अपनी डिफेंडर गाड़ी से पांडव नगर की तरफ से आ रहे थे। साथ में उनका बेटा भी था। कमिश्नर आवास के नजदीक पहुंचते ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। जिसमें गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि प्रवीण कुमार और उनका बेटा सकुशल बच गए। हादसे के बाद वहां पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने कैंटर चालक को मौके पर ही दबोच लिया। सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान सीओ अरविंद चौरसिया भी वहां पहुंचे। उन्होंने पूरे मामले की जानकारी ली। कैंटर चालक को हिरासत में लेकर थाने भेजा गया। सीओ ने बताया कि हादसे में प्रवीण कुमार और उनका बेटा सुरक्षित है। कैंटर चालक से पूछताछ की जा रही है। भारत के स्टार गेंदबाज रह चुके प्रवीण कुमार प्रवीण कुमार ने भारत के लिए 2007 में डेब्यू किया था। उन्होंने टीम इंडिया के लिए छह टेस्ट, 68 वनडे और 10 टी20 खेले। 2008 में ऑस्ट्रेलिया में भारत की कॉमनवेल्थ बैंक सीरीज में जीत में प्रवीण ने अहम भूमिका निभाई थी। टेस्ट में 27 विकेट, वनडे में 77 विकेट और टी20 में आठ विकेट ले चुके हैं। प्रवीण ने टीम इंडिया के लिए आखिरी मैच 2012 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किया था। वह 119 आईपीएल मैच भी खेल चुके हैं और 90 विकेट ले चुके हैं।

## शेयर मार्केट की तेजी से दुनिया के टॉप - 500 अमीरों की संपत्ति में इजाफा

**नई दिल्ली ।** शेयर बाजारों में भारी तेजी से दुनियाभर के शीर्ष-500 अमीरों की संपत्ति इस साल की पहली छमाही (जनवरी-जून) में 852 अरब डॉलर बढ़ी है। 2020 में कोरोना के बाद किसी भी छमाही में यह सर्वाधिक बढ़त है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के



मुताबिक, इन अरबपतियों की संपत्ति हर दिन औसतन 1.4 करोड़ डॉलर बढ़ी है। टेस्ला के मालिक एलन मस्क और मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग की संपत्ति सबसे अधिक बढ़ी है। मस्क की संपत्ति 96.6 अरब डॉलर और जुकरबर्ग की 58.9 अरब डॉलर बढ़ी है। आंकड़ों के मुताबिक, पहली छमाही में अमेरिकी शेयर बाजार एसएंडपी-500 में 16 फीसदी और नैस्डॉक-100 में 39 फीसदी की तेजी दर्ज की गई?है। अदाणी को सर्वाधिक 60.2 अरब डॉलर की चपत ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक, भारतीय अरबपति गौतम अदाणी को इस दौरान 60.2 अरब डॉलर का घाटा हुआ है। साथ ही, एक दिन में सर्वाधिक 20.8 अरब डॉलर के घाटे का रिकॉर्ड भी अदाणी के नाम रहा है, जो हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद 27 जनवरी को हुआ था। अदाणी समूह के चेयरमैन इस समय दुनिया के अमीरों की सूची में 21 वें स्थान पर हैं और उनकी संपत्ति 60 अरब डॉलर है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी 92 अरब डॉलर के साथ 13वें स्थान पर हैं।

## विदेशी निवेश पाने में भारतीय बाजार तीसरे स्थान पर, रिटर्न देने में दूसरे नंबर पर है भारत

**नई दिल्ली ।** दुनिया के प्रमुख शेयर बाजारों में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में विदेशी निवेश पाने के मामले में भारत तीसरे स्थान पर है। वहीं, रिटर्न देने में जापान के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर है। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय शेयर बाजार में अप्रैल-जून तिमाही में एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा (1,220 करोड़ डॉलर) का विदेशी निवेश आया। पहले स्थान पर काबिज जापान के शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों ने 6,607 करोड़ डॉलर का निवेश किया। चीन 4,818 करोड़ डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर है। इस अवधि में ताइवान के बाजारों में विदेशी निवेशकों ने 327




करोड़ डॉलर, इंडोनेशिया के बाजारों में 64 करोड़ डॉलर व दक्षिण कोरिया में 29 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार की स्थिर नीतियों, मजबूत आर्थिक बुनियाद, स्थिर महंगाई दर और अर्थव्यवस्था में निरंतर तेजी को देखते हुए विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पिछले कुछ महीने से भारतीय बाजार में लगातार निवेश कर रहे हैं। दूसरी ओर, वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में उच्च महंगाई दर, कम विकास दर, मंदी का खतरा और केंद्रीय बैंकों की ओर से ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका से लगातार पूंजी निकासी हो रही है। 9.7% रिटर्न दिया सेंसेक्स ने रिपोर्ट के मुताबिक, शेयर बाजारों के प्रदर्शन के मामले में भारतीय बाजार दूसरे स्थान पर है। जापान के शेयर बाजार ने इस साल मार्च से जून के बीच 18.4 फीसदी का रिटर्न दिया है। बीएसई सेंसेक्स ने 9.7 फीसदी का रिटर्न दिया है। अमेरिकी बाजारों ने 3.4 फीसदी और दक्षिण कोरिया ने 3.5 फीसदी का मुनाफा दिया है। इंडोनेशिया के शेयर बाजारों ने निवेशकों को 2.1 फीसदी और थाईलैंड के बाजारों ने 6.6 फीसदी का घाटा दिया है। अमेरिकी बाजारों से सबसे ज्यादा निकासी पहली तिमाही में एफआईआई ने अमेरिकी बाजारों से सर्वाधिक 1,531 करोड़ डॉलर की निकासी की। थाईलैंड के बाजारों से 146 करोड़ डॉलर और मलयेशिया से 50 करोड़ डॉलर की निकासी हुई है। डेट में निवेश आंकड़े बताते हैं कि विदेशी निवेशक दूसरे देशों में इक्विटी के बजाय डेट में निवेश कर रहे हैं।


हिन्दी दैनिक
मेरी जुबान





## बिग बॉस ओटीटी 2 टॉर्चर टास्क में
# जिया शंकर
## ने किया सबको फेल, कैप्टन बनते ही बदले तेवर

ओटीटी का मोस्ट कंट्रोवर्सियल शो बिग बॉस जमकर बवाल मचाता दिख रहा हैं। दरअसल शो को लेकर आए दिन नई-नई कंट्रोवर्सी सुनने को मिलती रहती हैं। जहां बीते पुरे हफ्ते घर में काफी ज्यादा बवाल मचा था जिसपर शो के होस्ट सलमान खान भी काफी भड़के नजर आए थे। ऐसे में हाल ही में शो में जिया शंकर ने सभी को पछाड़ कर घर की कैप्टन बन गईं। जहां कैप्टेन बनते ही जिया के तेवर काफी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। इस बीच बिग बॉस ओटीटी 2 का एक नया प्रोमो वीडियो सामने आया है जो कि इंटरनेट पर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। सामने आए इस प्रोमो में सभी घरवाले मिलकर जिया शंकर को टॉर्चर कर रहे हैं। दरअसल, बिग बॉस ने कहा कि जिया की कप्तानी अभी कंफर्म नहीं है। ऐसे में जो उन्हें कुर्सी पर से 3 घंटे के अंदर उठा देगा, वो नया कप्तान बन जाएगा। इसी वजह से सभी लोग जिया को उठाने की कोशिश कर रहे हैं। जहां मनीषा रानी, जिया पर मिर्ची पाउडर और शैम्पू डाल रही हैं तो वहीं अविनाश उनपर पानी से वार कर रहे हैं। हालांकि इसके बाद भी जिया शंकर टस से मस नहीं होती है। इस प्रोमो को देखकर यही लग रहा है कि जिया शंकर अपनी कप्तानी बचाने में सफल रहेंगी। बता दें कि इस क्लिप को देखने के बाद फैंस को बिग बॉस के अपकमिंग एपिसोड का बेसब्री से इंतजार कर रह हैं। बता दे की हाल ही शो में काफी जायद बवाल देखने को मिला था। जहां आकांक्षा पूरी और जैद के इस तरह सरेआम फ्रेंच किस करने की वजह से दर्शक से लेकर शो के होस्ट सलमान खान ने भी भारी आपत्ति जताई थी। जिसपर सलमान ने यहां तक कह दिया था की अगर शो में इस तरह के कंटेंट दिखाए जाएंगे तो वो शो को छोड़ने के लिए तैयार हैं। इसके साथ ही सलमान ने जैद की भी जमकर क्लास लगाई थी। जहां जैद ने जिस तरह से बेबीका को सरेआम अपना अंग प्रदर्शन किया था। यह देख सलमान काफी नाराज हुए थे। हालांकि अब शो से आकांक्षा पूरी आउट हो चुकी हैं। साथ ही घर से बाहर के बाद आकांक्षा सभी घरवालों पर काफी भड़ास निकलती भी दिख रही हैं।



## वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की फिल्म बवाल का टीजर मचा रहा जमकर धमाल

बॉलीवुड के दो दमदार फिल्म स्टार कहे जाने वाले वरुण धवन और जाह्नवी कपूर पहली बार परदे पर एक साथ नजर आने वाले हैं। दरअसल इन दोनों की मोस्ट अवेटेड फिल्म बवाल का फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे थे। ऐसे में आज फाइनली फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया हैं। जहां 1 मिनट 24 सेकंड के टीजर में काफी सस्पेंस और दर्द देखने को मिल रहा हैं। जिसमे दोनों ही स्टार्स की जोड़ी देखते ही बन रही हैं। दरअसल फिल्म के टीजर में वरुण और जाह्नवी की अधूरी लव स्टोरी और प्यार के बीच आने वाली दरारों को बखूबी दिखाया गया है। वरुण धवन और जाह्नवी कपूर स्टारर फिल्म बवाल के टीजर को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही टीजर पर फैंस अब जमकर अपना रिएक्शन देते भी दिखाई दे रहे हैं। जहां एक यूजर ने कमेंट कर लिखा है की- ये फिल्म थिएटर में रिलीज होना डिजर्व करता हैं, ओटीटी पर रिलीज करने का बहुत ही गलत फैसला ले लिया हैंश। वही एक यूजर ने कमेंट कर लिखा है की- टीजर देखने के बाद अब ट्रेलर का इंतजार नहीं हो पा रहा हैं, वही एक यूजर ने तो यह तक कमेंट कर दिया है की- ष्इस टीजर को देखकर रौंगटे खड़े हो गए। फिल्म को देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं। वही अब इस तरह के कमेंट कर यूजर्स लगातार टीजर की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। साथ ही अब फिल्म के लिए फैंस की एक्साइटमेंट भी काफी ज्यादा बढ़ गयी हैं। बात दे की इस फिल्म को थिएटर में नहीं बल्कि अमेजन प्राइम के ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा। नितेश तिवारी की निर्देशित फिल्म बवाल का कुछ दिन पहले ही फर्स्ट पोस्टर रिलीज किया गया था, जिसमें जाह्नवी और वरुण के बीच की केमिस्ट्री लोगों को काफी पसंद आई थी। वरुण और जाह्नवी की स्टारर मूवी बवाल पहले सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। कई बार फिल्म की रिलीज डेट भी बदली गई, लेकिन अब मूवी को ओटीटी पर स्ट्रीम किया जाएगा। फिल्म प्राइम वीडियो पर 27 जुलाई 2023 को रिलीज होगी। कहा जा रहा है कि 8 जुलाई 2023 को फिल्म का ट्रेलर दुबई में लॉन्च किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बवाल का प्रीमियर ईफल टावर पर किया जाएगा, जो ऐसा करने वाली पहली इंडियन फिल्म होगी।

# कंगना रनौत
## की फिल्म तेजस की रिलीज डेट को किया एक्सटेंड, पायलट की भूमिका में नजर आई पंगा क्वीन




बॉलीवुड में पंगा क्वीन के नाम से फेमस एक्ट्रेस कंगना रनौत अपनी रील और रियल लाइफ दोनों में ही एकदम बिंदास है। उन्हें अपनी बात रखने के लिए ना तो किसी सहारे की जरूरत आजतक पड़ी हैं और शायद ना ही कभी आगे पड़ेगी। और कुछ ऐसे ही अपने बेबाक स्वाभाव को व्यक्त करते हुए कंगना अपनी नई फिल्म में भी एकदम धमाकेदार नजर आने की तैयारी में हैं। इन दिनों कंगना अपने लेटेस्ट प्रोजेक्टस को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। उन्ही में से एक हैं उनकी फिल्म तेजस जिसका फैंस भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वह हाल ही में अपने प्रोडक्शन हाउस के तले बनी फिल्म टीकू वेड्स शेरू की सक्सेस एंजॉय कर रही हैं। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर लीड रोल में नजर आए हैं। अब कंगना ने अपनी फिल्म तेजस की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट कर दी है। जल्द ही फिल्म तेजस से वह अपना लुक पहले ही शेयर कर चुकी थीं। और अब फिल्म से अपने लुक की तस्वीरों के साथ उन्होंने फिल्म की डेट भी बता दी है। जिसके बाद से तो फैंस की बेकरारी और भी बढ़ चुकी हैं। तेजस इसी साल 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी, तेजस का अब टाइगर की फिल्म से क्लैश होने वाला है। तो देखना दिलचस्प होगा कि कौनसी फिल्म कमाई के मामले में बॉक्स ऑफिस पर छाप छोड़के जाएगी। बात करे अब उनके लुक कि तो शेयर की गयी तस्वीरो में कंगना रनौत ने एयरफोर्स यूनिफॉर्म पहने हुए एयरक्राफ्ट से बाहर चलती नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी फोटो में वह एक्शन सीन करती नजर आ रही हैं और उनके पीछे जलती हुई कार नजर आ रही है। दोनों फोटोज देखकर फैंस एक्साइटेड हो गए हैं। उन्होंने फोटो शेयर करते हुए लिखा-हमारे वीर वायु सेना पायलटों की बहादुरी को सम्मान,तेजस 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन की फिल्म गणपत भी 20 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है। जिसका पोस्टर भी रिलीज किया जा चूका था।

## शाहरुख खान की चोट और सर्जरी की खबर में कितनी सच्चाई? अब करीबी ने खोला राज




बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान को लेकर हाल ही में एक बड़ी खबर सामने आई थी। मीडिया रिपोर्ट्स का दावा था कि किंग खान हाल ही में विदेश में अपनी फिल्म की शूटिंग कर रहे थे और सेट पर उनके साथ एक भयानक हादसा हो गया। दरअसल, शाहरुख खान के घायल होने की खबर खूब वायरल हुई थी। कहा गया था कि सेट पर वो एक्सीडेंट का शिकार हो गए और उनकी नाक पर गहरी चोट आ गई। एक्टर की नाक से खूब खून बहने के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में एडमिट करवाया गया। इतना ही नहीं ऐसी भी खबरें सामने आई कि शाहरुख खान को नाक की सर्जरी तक करवानी पड़ी। वहीं, अब एक्टर की हेल्थ को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स अब दावा कर रही हैं कि शाहरुख खान की चोट लगने और उनकी नाक की सर्जरी होने की खबरें गलत हैं। दरअसल, हाल ही में शाहरुख खान को लेकर उनके एक करीबी ने अपडेट दिया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में बताया कि एक्टर की चोट वाली खबर एकदम फर्जी है। आपको बता दें, जब बुधवार को खबर आई कि किंग खान को शूट के दौरान चोट लग गई और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया और उनकी सर्जरी हुई है, ये जानकर एक्टर के फैंस काफी घबरा गए थे।

## सना खान ने की हज करने गए पति के स्वागत की तैयारियां, अनस सैयद के लिए ऐसे सजाया घर



सना खान और अनस सैयद की जिंदगी में जल्द ही नया मेहमान आने वाला है। ऐसे में सना खान अपनी प्रेगनेंसी के दौरान ट्रैवेलिंग को अवॉयड करती दिखाई दे रही है।वही उनके पति मक्का हज करने गए है इस दौरना एक्ट्रेस लगातार अपने पति के साथ वीडियो कॉल पर लगातार नजर आई। साथ ही इस दौरान एक्ट्रेस ने अपनी सेहत का भी खास ख्याल रखा। वही ये कपल लगातार वीडियो कॉल पर जुड़ा रहा साथ ही इस दौरान उन्होंने वीडियो कॉल पर ही एक दूसरे के साथ समय बिताया और अपनी दिन की पूरी अपडेट दी। सना के साथ वीडियो कॉल पर अनस जुड़े रहे और उन्हें इस पवित्र स्थान के दर्शन कराए अपनी पत्नी को भी कराए। वही अब अनस का हज पूरा हो गया है। इसके चलते सना खान अपने पति की वापसी से बेहद खुश है। पति का शानदार वेलकम करने के लिए सना खान ने स्पेशल प्लैनिंग्स की हैं इसके लिए वे अपने पूरे घर को डेकोरेट कर रही हैं, जिससे की वे अपने पति को स्पेशल फील करा सकें। बता दे, सना ने अपने इंस्टाग्राम से अपने लिविंग रूम की कुछ तस्वीरें शेयर की है, जिसमे उन्होंने रंग बिरंगे गुब्बारों से अपने घर को डेकोरेट ककिया हुआ है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर अपने पति को स्पेशल फील करवाया है उन्होंने इस पोस्ट को शेयर कर लिखा-हज मुबारक मेरे शॉहर लिखकर सना खान ने अपने पति का वॉर्म वेलकम करने का मन बनाया है। वही सना ने अपने पति के वेलकम के लिए स्वीट्स भी मंगवाई है, पति के इंतजार में सना ने सोशल मीडिया पर स्टोरी शेयर की है और पति के इंतजार में मुंबई के मौसम के हाल बयां किये है, जो थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी के साथ सना की इस प्यार भरी वीडियो पर फैंस लगातार कमेंट कर प्यार लुटाते हुए नजर आ रहे है।

# रिलीज से पहले ही फिल्म जवान और डंकी ने कर ली मोटी कमाई, 500 करोड़ तक पहुंच गया एसआरके की फिल्म का आंकड़ा







4 साल के बाद अपनी फिल्म पठान से बॉलीवुड दुनिया में कमबैक करने के बाद शाहरुख खान को लोगो का खूब प्यार मिला उनकी फिल्म ने वर्ल्ड वाइड पर जो रिकॉर्ड कायम किया वो अबतक की इस साल में कोई भी फिल्म नहीं कर पायी। साल शुरू होते ही फिल्म को रिलीज किया गया जिसके बाद इसे देखने वालो की कतार कम ही नहीं होती दिखी। अब किंग खान की अगली पेशकश जवान और डंकी का फैंस को बेसब्री से इंतजार हो रहा हैं। एक बार फिर शाहरुख अपनी फिल्म से धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। शाहरुख की अब एटली के डायरेक्शन में बनी जवान और राजकुमार हिरानी की डंकी भी इसी साल के अंत तक आने की आशंका जताई जा रही हैं। इन दोनों फिल्मों ने रिलीज से पहले ही करोड़ों का बिजनेस कर लिया है। जी हाँ...! दोनों फिल्मों ने मिलकर ही 500 करोड़ का बिजनेस कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो शाहरुख खान ने बनाया रिकॉर्ड। शाहरुख खान की जवान और डंकी के सैटेलाइट, डिजिटल और म्यूजिक राइट्स बिक गए हैं। ये डील बहुत ही तगड़ी हुई है। सिनेमाघरों में रिलीज से पहले ही जवान और डंकी के साथ में राइट्स वैरिड प्लेयर ने खरीद लिए हैं। ये डील करीब 450-500 करोड़ की हुई है। सोर्स के मुताबिक शाहरुख खान की जवान के जहां सैटेलाइट, डिजिटल और म्यूजिक राइट्स करीब 250 करोड़ के बिके हैं। वहीं डंकी के राइट्स को करीब 230 करोड़ में बेचा है। जवान और डंकी में थोड़ा सा अंतर इस वजह से है क्योंकि जवान को तमिल और तेलुगू में डब किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक शाहरुख खान की जवान के राइट्स हर भाषा में बिके हैं वहीं डंकी को प्राइमरली हिंदी में बेचा गया है। दोनों फिल्मों ने रिलीज से पहले ही मिलकर करीब 500 करोड़ का बिजनेस कर लिया है। खास बात ये है कि दोनों ही फिल्में शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के तले बनी है। शाहरुख खान की जवान की बात करें को किंग खान इसमें डबल रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ नयनतारा और विजय सेतुपति लीड रोल में नजर आएंगे। ये फिल्म 7 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं डंकी की बात करें तो ये क्रिसमस 2023 पर बड़े पर्दे पर रिलीज हो सकती है।

# ओपीडी 600 पार, 209 मरीजों को बुखार



**गौरीगंज (अमेठी)।** बारिश और उमस भरी गर्मी लोगों का सेहत बिगाड़ रही है। मंगलवार को जिला अस्पताल की ओपीडी 600 पार पहुंच गई। इसमें अकेले बुखार के ही 209 मरीज थे। बरसात के कारण भीगने से लोग अधिक बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। सर्दी-जुखाम के साथ बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। मंगलवार को मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला अस्पताल में सुबह से वायरल बुखार पीड़ितों की कतार लगी रही। कुल 657 मरीजों की ओपीडी में 209 बुखार, 187 खांसी, 79 सर्दी के मरीज पहुंचे। जिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. लईकुज्जमा के कक्ष में बच्चों की भीड़ थी। इसमें उल्टी-दस्त और बुखार से पीड़ित थे। फिजीशियन डॉ. शुभम पांडेय, डॉ. अमित यादव व डॉ. पीतांबर कनौजिया के कक्ष में और बाहर बड़ी संख्या में मरीज अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। पर्ची काउंटर पर सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक मरीज और तीमारदारों की कतार रही। चिकित्सकों को दिखाने के बाद जांच के लिए अधिकांश लोग लैब पर दिखे। चिकित्सकों का कहना था कि वर्तमान समय में मौसम का उतार चढ़ाव है। आंख में संक्रमण के मरीज बढ़े जिला अस्पताल में तैनात नेत्र परीक्षण अधिकारी सज्जन कुमार ने बताया कि मौसम में बदलाव होने के कारण लोग आंख की बीमारी के शिकार हो रहे हैं। बारिश के बीच निकल रही धूप से लोगों के आंख में जलन, खुजली और पानी आने जैसी समस्या हो रही है। मरीजों को दवा के साथ धूप में निकलने पर आंखों पर चश्मा लगाने तथा सिर को ढककर रखने की सलाह दी जा रही है। सतर्कता बरतना जरूरी फिजीशियन डॉ. शुभम पांडेय ने बताया कि लंबे अंतराल के बाद बारिश हो रही है। ऐसे में बुखार, जुकाम, बच्चों में उल्टी-दस्त के साथ बुखार तेजी से फैल रहा है। इससे बचाव के लिए धूप में कम निकलें। यदि वायरल फीवर का शिकार हो रहे हैं तो तत्काल चिकित्सक की सलाह से दवा लें। नियमित दवा से ही निजात मिलेगी। मरीजों का हो रहा बेहतर उपचार अस्पताल में चिकित्सकों व दवाओं की मौजूदगी के साथ मरीजों को बेहतर उपचार किया जा रहा है। इन दिनों वायरल फीवर मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। अस्पताल आने वाले सभी मरीजों की जांच, उपचार व दवा की समुचित व्यवस्था की गई है। मरीजों को उपचार में कोई परेशानी नहीं हो तथा अस्पताल में ही जांच व दवा मिल सके इसके लिए निगरानी की जा रही है।

## विकास भवन में आज से शुरू होगा आधार कार्ड का विशेष कैंप

**मेरी जुबान ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** आधार कार्ड के अपडेशन व नये आधार कार्ड बनवाने के लिए विशेष कैंप का आयोजन विकास भवन परिसर, लखीमपुर खीरी में 06 जुलाई से किया जा रहा है। जिसमें आधार से सम्बन्धित




सभी सेवायें जैसे मोबाइल नम्बर, नाम, ईमेल, लिंग, जन्मतिथि, पते का अपडेशन, बायोमेट्रिक अपडेशन, बच्चों के नए आधार आदि की सेवाएं प्रदान की जायेगी। उक्त आशय की जानकारी जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी एकता श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि विकास भवन में गुरुवार से शुरू होने वाले आधार कार्ड का विशेष कैंप में आधार से संबंधित सभी सेवा जैसे मोबाइल नंबर, नाम, ईमेल, लिंग, जन्मतिथि, पते का अपडेशन, बायोमेट्रिक अपडेशन, बच्चो के नए आधार आदि की सेवा प्रदान की जाएगी। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ सरकार द्वारा आधार के माध्यम से आम जनमानस को सीधे पहुंचा रही है इसलिए आधार का अपडेट रहना अनिवार्य है। आधार जारी करने वाली संस्था यूआईएडीआई (वल्ल०४ी कील्ल३्रू३ङ्गल्ल अ४३ँङ्ग१३८ ङ्घा कल्ल्र्) ने आग्रह किया है की जिन लोगों के आधार दस साल पहले बनवाया था और उसके बाद कभी भी अपडेट नहीं करवाया है ऐसे आधार संख्या धारको से अनुरोध है की वे अपने पहचान और पते के प्रमाण से संबंधित अपने दस्तावेजों को अपडेट कराये, जिससे उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ निर्वाध रूप से मिल सके।

## दो बदमाशों पर हुई गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**मेरी जुबान ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली पुलिस ने दो बदमाशों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि लखपेड़ागंज निवासी चांद खां संगठित गिरोह चलाता है, जिसका सदस्य अजय वर्मा निवासी बंजरिया अपने गिरोह के सदस्यों के साथ आर्थिक, भौतिक लाभ के लिए वाहन चोरी कर व्यापार जैसे गंभीर अपराध करने के अभ्यस्त अपराधी हैं। इस गिरोह का जनता में भय व्याप्त है, जिससे लोग इन अभियुक्तों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने से डरते हैं। डीएम द्वारा गैंगचार्ट पर अनुमोदन किए जाने के बाद दोनों अभियुक्तों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है।

## पूर्व विधायक के बेटे कार से आए और बेटी को ले गए साहब', मां ने लगाई गुहार,मुकदमा दर्ज

**सोनभद्र।** दुद्धी के स्थानीय कोतवाली में मंगलवार की शाम पूर्व विधायक हरिराम चेरो और उनके दो पुत्रों समेत पांच लोगों के विरुद्ध एक महिला ने मुकदमा दर्ज कराया। आरोप है कि पूर्व विधायक के पुत्र और उसके दो साथी उसकी शादीशुदा बेटी को जबरन उठाकर ले गए। अब पूर्व विधायक उसे फोन कर धमकी दे रहे हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि एक जुलाई को उसकी बेटी (19) भाई के साथ घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान सफेद रंग की स्कार्पियो से मंगलम चेरो और राहुल चेरो पुत्रगण हरिराम चेरो अपने साथी प्रियांशु व रामपूजन के साथ वहां पहुंचे। उसकी बेटी को जबरन उठाकर अपने साथ ले गए। उसने बेटी की काफी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। अलबत्ता मंगलम और राहुल के पिता हरिराम चेरो ने उसे फोन पर धमकाया कि कहीं शिकायत करने पर उसका अंजाम ठीक नहीं होगा। महिला ने बेटी के साथ अप्रिय घटना की आशंका जताई है। उसकी बेटी शादीशुदा है। इसी वर्ष उसकी शादी मप्र में हुई है।

# शिवालयों में हर-हर महादेव की रही गूंज

**अमेठी।** सावन मास के पहले दिन मंगलवार को शिवालय हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। भोर से ही भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक के लिए सुबह से श्रद्धालु पहुंचने लगे। सावन और अधिमास माह में भगवान भोलेनाथ की आराधना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शिवभक्त प्रसिद्ध शिवालयों में पहुंच कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। पहले दिन मंगलवार को ताला स्थित मुकुट नाथ धाम, जागेश्वर धाम, श्रीमत स्वामी परमहंस आश्रम टीकरमाफी स्थित नर्वदेश्वर नाथ धाम, कालिकन धाम, देवीपाटन धाम, दुखहरण धाम, महादेवन समेत विभिन्न शिवालयों में भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया। जलाभिषेक के लिए भोर से ही भक्तों की कतार मंदिरों में लगी दिखाई पड़ी। भक्तों ने शिवालयों पर रुद्राभिषेक कर भगवान शिव का पूजन अर्चन किया। भक्तों ने किया जलाभिषेक इन्हौना (अमेठी)। बाबा रत्नेश्वर धाम, राजा फत्तेपुर स्थित झारखंडेश्वर महादेव, सेमरौता में बाबा आनंदेश्वर महादेव, बाबा उजियारनाथ महादेव मंदिर में भोर से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। शिवलिंग पर बेलपत्र भांग की पत्ती फूल केसर दूध दही चढ़ाकर पूजा कर परिवार एवं समाज की भलाई के लिए आशीर्वाद मांगा। जायस के मुबारकपुर मुखेतिया गांव में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा की। रामाश्रय आध्यात्मिक सत्संग एवं भंडारे का आयोजन पंडित रमाशंकर पांडेय ने कराया।



भगवान शिव को प्रिय श्रावण मास गौरीगंज। पंडित कपिल देव मिश्र ने बताया कि श्रावण मास में भगवान शंकर की पूजा का विशेष महत्व होता है। सोमवार को भोले बाबा का प्रिय दिन माना जाता है। इसलिए श्रावण मास के सोमवार का महत्व और बढ़ जाता है। इस महीने प्रत्येक सोमवार भगवान शिव का व्रत करने से मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। इस माह लघुरुद्र, महारुद्र या अतिरुद्र पाठ कर हर सोमवार शिव का व्रत करना चाहिए। श्रावण मास में सोमवार को श्री गणेश, भगवान शिव, माता पार्वती और नंदी की पूजा में जल, दूध, दही, चीनी, घी, शहद, पंचामृत, वस्त्र समेत जनेऊ, चंदन, रोली, चावल, फूल, बेल-पत्र, भांग, आक-धतूरा, कमल, प्रसाद, पान-सुपारी, लौंग, इलायची, मेवा व दक्षिणा अर्पित करना चाहिए।

# नदी में कूदे युवक की तलाश न कराने पर जाम-प्रदर्शन



**जहांगीरगंज (अंबेडकरनगर)।** बिड़हर घाट पुल से नदी में कूदे युवक की तलाश पुलिस के सीमा विवाद के चलते नहीं कराए जाने से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को पुल पर धरना-प्रदर्शन किया। इससे अंबेडकरनगर व संतकबीरनगर मार्ग पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। करीब एक घंटे के हंगामे के बाद पड़ोसी संतकबीरनगर जनपद के बिड़हर चौकी पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की प्रक्रिया शुरू की। इसके बाद लोग शांत हुए। हंसवर क्षेत्र के बढ़ियानी निवासी बाबूराम यादव का पुत्र हीरालाल (28) सोमवार को बिड़हर घाट पुल से नदी में कूद गया था। घटना की सूचना मिलने पर अंबेडकरनगर के जहांगीरगंज व संतकबीरनगर जनपद की बिड़हर पुलिस के विवाद विवाद में उलझ गई। दोनों थानों की पुलिस घटनास्थल एक-दूसरे के क्षेत्र में होने की बात कहकर युवक की तलाशी कराने से बचती रही। बसखारी के प्रधान संघ अध्यक्ष विजयमणि यादव के परिवार से जुड़ा मामला होने के चलते मंगलवार को कई प्रधान व अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस के रुख से नाराज लोगों ने बिड़हर पुल सड़क कर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर एसडीएम आलापुर सौरभ शुक्ल, सीओ रामबहादुर सिंह व एसओ प्रदीप सिंह मौके पर पहुंचे। बिड़हर थाने की पुलिस टीम भी मौके पर आई। बातचीत के बाद बिड़हर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कराई। पुल पर मिली बाइक को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए। गोताखोरों देर शाम तक युवक की तलाश नहीं कर सके थे। एसडीएम आलापुर ने बताया कि घटना स्थल संतकबीरनगर जनपद क्षेत्र में है। बिड़हर पुलिस तलाश अभियान चला रही है। मौके से मिला सुसाइड नोट पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें युवक ने पारिवारिक विवाद के चलते आत्महत्या करने की बात लिखी है। यह भी लिखा पुलिस ने सुसाइड नोट को कब्जे में ले लिया है। पुलिस को जानकारी मिली कि पिछले दिनों हीरालाल का पत्नी से विवाद हो गया था। इसके बाद वह मायके से लापता हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने हीरालाल के खिलाफ थाने में तहरीर दी थी। इसके बाद हीरालाल ने यह कदम उठा लिया।

# सीएचसी प्रभारी सहित 17 का वेतन रोका

**गाजीपुर।** नवागत सीएमओ डा. देश दीपक पाल ने पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन से ही जिले की चिकित्सकीय व्यवस्थाओं को परखना शुरू कर दिया। मंगलवार की सुबह करीब 9.30 बजे अचानक सीएचसी पहुंचे । इस दौरान सीएचसी प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित 17 स्वास्थ्य कर्मी बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। इस पर सभी को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करते हुए 24 घंटों में जवाब मांगा है। साथ ही अगले आदेश तक वेतन भुगतान पर रोक लगा दी है। निरीक्षण के दौरान सीएमओ सबसे पहले ओपीडी कक्षों में पहुंचे। जहां डॉक्टर अमर मरीजों को देख रहे थे। इसके बाद उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया, जिसमें सीएचसी के अधीक्षक एवं प्रभारी अधिकारी डा. जितेंद्र कुमार और चिकित्साधिकारी डाक्टर अनिल कुमार समेत कुल 17 गैर हाजिर मिले। इसके बाद सीएमओ दवा स्टोर रूम, लैब, ओपीडी के वार्ड पहुंचे, जहां चिकित्सकीय व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद हेल्थ एटीएम मशीन का निरीक्षण करने के साथ ही उन्होंने मशीन से खुद के मधुमेह और रक्तचाप की जांच करवाई। इसके बाद परिसर का निरीक्षण भी किया। इस दौरान जगह- जगह गंदगी मिलने परविफर पड़े। इसके बाद वह प्रसव कक्ष, आपातकालीन कक्ष, कोल्ड चेन कक्ष, आफिस आदि का निरीक्षण करने के साथ ही, बाल आधार, जननी सुरक्षा, कोविड, टीकाकरण, संचारी रोग नियंत्रण, पुरूष, महिला बंध्याकरण आदि के बारे में जानकारी ली। साथ ही दवाओं की उपलब्धता के बारे में भी पूछताछ की। उन्होंने चेताया कि समय से ड्यूटी न आने वाले कर्मचारियों की खैर नहीं है। चिकित्सकीय कार्य और योजनाओं में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस संबंध में सीएमओ डा. देश दीपक पाल ने बताया कि निरीक्षण में अनुपस्थित मिले दो डाक्टरों सहित कुल 17 कर्मचारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही उनका वेतन अगले आदेश तक जारी करने पर रोक लगा दी गई है।

# इस बरसात में भी डूबेंगे उत्खनित पुरावशेष, सुरक्षा के इंतजाम नहीं

**कुशीनगर।** कुशीनगर में खुदाई में निकले भगवान बुद्ध से जुड़े पुरावशेषों के संरक्षण का अब तक कोई इंतजाम नहीं हो सका है। बरसात शुरू होते ही यहां के उत्खनित अवशेषों वाले स्थलों में पानी भरने लगा है। देश-विदेश के सैलानी भगवान बुद्ध से जुड़े जिन पुरातात्विक अवशेषों को देखने आएंगे, उन्हें वहां इस साल भी बारिश का पानी ही मिलेगा। इन स्थलों में प्रमुख रूप से मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर स्थल, मांथा कुंवर मंदिर और रामाभार स्तूप स्थल हैं। बौद्ध अनुयायियों के लिए तीनों स्थल दर्शनीय और पूजनीय हैं। कुशीनगर के इसी पुरातात्विक महत्व को देखते हुए यहां इंटरनेशनल एयरपोर्ट की स्थापना हुई है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, भारत सरकार (एएसआई) बरसात का मौसम शुरू होने के बावजूद इन्हें जलभराव से बचाने के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं कर सका है। नतीजतन, इनका क्षरण होगा और स्वरूप भी बदलेगा। हालांकि, पुरातत्व विभाग का यह तर्क है कि पानी में डूबने से धरोहरों को कोई विशेष क्षति नहीं होती। बरसात खत्म होने पर उनकी मरम्मत कर दी जाएगी। कुशीनगर में मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर, मांथा कुंवर मंदिर और रामाभार स्तूप तीन प्रमुख दर्शनीय व पूजनीय पवित्र स्थल हैं। यहां करीब ढाई हजार साल पुराने उत्खनित धरोहर हैं। हर साल लाखों की संख्या में देश-विदेश के पर्यटक व बौद्ध अनुयायियों का दल भगवान बुद्ध के दर्शन के साथ विशेष पूजा-अर्चना के लिए यहां आता है। उनके आगमन से होटल, धर्मशाला व रेस्टोरेंट व्यवसायियों के अलावा चीवर, माला, फूल, अगरबत्ती बेचने वालों को अच्छी कमाई होती है। बारिश के मौसम में जब उत्खनित धरोहर व अवशेषों में पानी भर जाता है तो आने वाले पर्यटकों को निराशा होती है। उन्हें बिना देखे ही लौटना पड़ता है। 20 अक्तूबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लोकार्पण के लिए आगमन होना था। इसके अलावा उन्हें कुशीनगर में तीन दिवसीय बुद्धिस्ट कान्क्लेव व बरवां जंगल फार्म हाउस में विशाल जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम था। उस समय यहां मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर, मांथा कुंवर मंदिर व रामाभार स्तूप परिसर के उत्खनित पुरावशेष व धरोहर पानी में डूबे थे। यह हाल देखकर जिला प्रशासन खासा परेशान था। काफी मशक्कत से लगातार कई दिनों तक विद्युत मोटरों को चलाकर धरोहरों से पानी को निकाला गया था। इस पर नगरपालिका कुशीनगर को अच्छी रकम भी खर्च करनी पड़ी थी। कुशीनगर के इन पुरातात्विक महत्व के धरोहरों व पुरावशेषों की चिंता विभाग को सिर्फ बरसात के मौसम में ही होती है। बरसात के बाद वह भूल जाता है। अगर पुरातत्व विभाग के शीर्षस्थ अफसर गंभीरता व संजीदगी से सकारात्मक पहल करते तो उन्हें बारिश के पानी में डूबने से बचाया जा सकता है। पुरावशेषों के बारिश में डूबने की समस्या काफी लंबे समय से चली आ रही है। हर बरसात के मौसम में यह उम्मीद रहती है कि ये अब पानी में नहीं डूबेंगे। उन्हें पानी में डूबने से बचाने के लिए कोई न कोई इंतजाम कर लिया गया होगा। लेकिन धीरे-धीरे बरसात का मौसम आता है और उनमें जलभराव हो जाता है। फिर वही रटा-रटाया जवाब रहता है कि बरसात का मौसम खत्म होने के बाद क्षतिग्रस्त पुरावशेषों की मरम्मत करा दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा बैठक सम्पन्न


**मेरी जुबान संवाद्दाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) की समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत गोबरधन योजना के अंतर्गत बायोगैस संयंत्र स्थापना व निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा गई। समीक्षा के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि गोबरधन योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवीपुरा में निर्मित बायोगैस संयंत्र पर 70 प्रतिशत कार्य कराया जा चुका है, अवशेष कार्य को जिलाधिकारी ने माह के अन्त तक कराये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष जनपद के 382 ग्राम पंचायतों के 591 राजस्व ग्रामों की ग्राम स्वच्छता कार्ययोजना का अनुमोदन के साथ साथ मिशन कार्यालय से प्राप्त क्रेडिट लिमिट रू. 30,46,29,814 को सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में हस्तानान्तरण किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान करते हुए चयनित ग्रामों में कार्य प्रारम्भ कराने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट स्थापित किये जाने के सम्बन्ध विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसी ग्राम पंचायते जो नगर पालिकाओं/नगर पंचायत में निर्मित/निमार्णाधीन/प्रस्तावित एमआरएफ सेंटर के 20-25 किमी की परिधि में आते है ऐसी ग्राम पंचायत पर विचार करने की आवश्यकता नहीं है। ऐसी ग्राम पंचायते जो परिधि से बाहर है उनमें प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट स्थापित करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही उन्होंने ओडीएफ प्लस के के कार्यो की स्थिति जानी तथा अवशेष कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक, वरिष्ट कोषाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### साक्षरता शिविरो का आयोजन

**मेरी जुबान संवाद्दाता**

**पीलीभीत।** सुनील कुमार अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के द्वारा माह जुलाई में आयोजित होने वाले महिलाओं से सम्बन्धित विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविरों के



आयोजन हेतु एक बैठक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विश्राम कक्ष में आयोजित की गई। उपरोक्त बैठक में समस्त तहसीलों के तहसीलदारों के साथ विचार विमर्श किया गया तथा एन0सी0डब्लू के सहयोग से होने वाले शिविरों के आयोजन किये जाने के सम्बन्ध में कार्ययोजना तैयार की गई। आयोजित शिविर में लगभग 60 महिलाओं के द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ भी वार्ता की गई, जिसमें जिला अस्पताल के डॉक्टरों की टीम के द्वारा सर्वाइकल कैंसर के सम्बन्ध में भी जानकारी प्रदान की जायेगी।

### 11 जुलाई को ऐप्जा द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण समारोह को लेकर हुई बैठक

**गोला संवाददाता**

**गोला-खीरी।** ऐप्जा (ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन) की तहसील इकाई गोला ने आगामी 11 जुलाई को होने वाले संगठन के शपथ ग्रहण समारोह के चलते एक बैठक एवन पैथालाजी लखीमपुर रोड पर आहूत की। बताते चलें कि ऐप्जा (ऑल इण्डिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन) जिले का ही नहीं बल्कि प्रदेश में पत्रकारों का सबसे विशाल संगठन है। जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष रवीन्द्र मिश्र व चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी ने बहुत ही कठोर परिश्रम कर संगठन को नई ऊंचाइयां प्रदान कर इस आयाम तक पहुंचाया है। जिसके



फलस्वरूप जिला लखीमपुर खीरी में संगठन की नीतियों में विश्वास जताते हुए जिले के लगभग 450 पत्रकारों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण कर जिले में भी बड़ी आमद दर्ज कराई है। जिसके चलते पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ आगामी 11 जुलाई को जिला मुख्यालय स्थित विलोबी मेमोरियल हॉल में एक भव्य आयोजन कर दिलाई जाएगी। जिसमें चेयरमैन ऐप्जा रवीन्द्र मिश्रा सहित प्रदेश के कई मंत्रीगण व जिले के अधिकारीगण अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। शपथ ग्रहण समारोह को कैसे भव्यता प्रदान की जाए को लेकर तहसील गोला के पदाधिकारियों/ सदस्यों ने बैठक कर आपस में चर्चा परिचर्चा की। जिसमें ऐप्जा से जुड़े समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखे। इस अवसर पर संरक्षक जिला कार्यकारिणी रविसुत शुक्ला, संरक्षक गोला तहसील होतीलाल रस्तोगी, जिला उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, जिला संगठन मंत्री डीपी आर्या, शैलेंद्र सिंह, तहसील प्रभारी पंकज मिश्रा, तहसील महामंत्री फराज खान, आदित्य मिश्रा, पवन सक्सेना, पूणानंद बाजपेई, आशीष तिवारी, मनीष शर्मा, अंशिका सक्सेना, राजदीप शुक्ला, नरेंद्र भारद्वाज, रामकृष्ण शुक्ला, मोहम्मद सईद, संतोष सक्सेना तथा रचित सिंह राजपूत सहित तहसील कार्यकारिणी के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे।

### 35 लोगों का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए हुआ रवाना

**गोला संवाददाता**

**गोला-खीरी।** प्रत्येक वर्षों की भाँति इस वर्ष भी छोटी काशी से 35 लोगो जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हो गया। गोला



विधायक अमन अरविन्द गिरी व पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अमरनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं का तिलक लगा कर स्वागत किया। इसके बाद बम बम भोले का जयकारा लगाते हुए जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ।